सुविचार

रिश्तो की डोर उनसे जोड़िए जो समय आने पर सहयोग और प्यार दिखाएं ना कि उनसे जो औकात दिखाएं..!!

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ||| निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 18 अंक: 14 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शुक्रवार 11 अगस्त, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

प्रथम चरण में 40 लाख महिलाओं एवं छात्राओं को मिलेंगे स्मार्टफोन

# राजस्थान सरकार की महिलाओं को सौगात
## 'मोबाइल' वितरण की हुई शुरूआत...

**औसत प्रति 20-30 मिनट की प्रक्रिया में मिल रहा है निःशुल्क स्मार्ट मोबाइल**

**इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना बनेगी महिला सशक्तिकरण का बड़ा माध्यम : मुख्यमंत्री**

**महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना हुई शुरू**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी की सभा में लाखों लोग आए और पीएम की सभा में कुर्सियां खाली रह जाती हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की सभा में सीकर में इन्होंने देख लिया, जनता ने आईना दिखा दिया। कुर्सियां खाली पड़ी थीं और लोग जाने लग गए थे।





पीएम के भाषण के दौरान कुर्सियां खाली रखना और उनका जाना, वसुंधरा राजे का यही भला करेगा और कोई भला करने वाला नहीं है। वसुंधरा राजे का अगर कोई भला होगा तो इन खाली कुर्सियों से ही होगा। गहलोत गुरुवार को जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने फ्री स्मार्ट फोन योजना की लॉन्चिग के बाद मीडिया से कहा- ईडी, सीबीआई और सारी केंद्रीय एजेंसी को आने दीजिए, वह क्या कर लेंगे? आपके सामने मैं मोदी से बड़ा फकीर बैठा हूं। मैंने एक ग्राम सोना नहीं खरीदा, कोई जमीन या फ्लैट नहीं खरीदा। कोई प्रॉपर्टी नहीं बनाई। मुख्यमंत्री आवास खाली करना पड़ा तो मुझे किराए का मकान ढूंढना पड़ेगा। बीजेपी के लोग झूठे आरोप लगा रहे हैं।

### मैंने एसीबी को पांच साल में एक कॉल नहीं किया

गहलोत ने कहा- उत्तर प्रदेश में किसी अफसर पर बिना मुख्यमंत्री की मंजूरी के कोई छापा नहीं डाल सकता। एक यहां का मुख्यमंत्री है, मैंने 5 साल में एक बार भी एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में कॉल नहीं किया, इसको पकड़ो इसको मत पकड़ो, यह मेरा काम नहीं है। इतनी निष्पक्षता से राजस्थान में काम होता है और राजस्थान को बदनाम करते हैं, करप्शन बहुत है। एसीबी छापों में बड़े-बड़े अफसर पकड़े गए हैं। आरपीएससी मेंबर तक पकड़ा गया है। अगर राजस्थान में एसीबी यूपी की तरह काम करती तो करप्शन का मामला ही नहीं बनता। करप्शन पर जीरो टॉलरेंस का ही परिणाम है कि बीजेपी के लोग हम पर आरोप लगा रहे हैं।

### हम पर आरोप लगाने वाले खुद करप्ट, कहां से लाए इतनी प्रॉपर्टी

गहलोत ने कहा- हम पर आरोप लगाने वाले खुद करप्ट लोग हैं। उनसे पूछिए जिंदगी में आपने पैसा कहां से कमा लिया, ये चार-चार मंजिल के बंगले कहां से खड़े कर लिए? यह इतनी प्रॉपर्टी कहां से खड़ी कर ली? कोई आईटी का उद्योग शुरू किया है, तुम्हारे पास पैसा कहां से आया है। इनकी बातों में कोई दम नहीं है।



### चुनाव वाले राज्यों में छापे डलवाने मुख्यमंत्री के नजदीकी लोग छांटे जाते हैं

गहलोत ने कहा- जिस राज्य में चुनाव होते हैं, वहां ईडी, सीबीआई, आईटी के छापे शुरू हो जाते हैं। जिसने गलत किया है, चोरी भ्रष्टाचार किया है, उसे हथकड़ी लगाकर जेल भेजिए। गलत तो वह है कि गृह मंत्रालय बैठकर मॉनिटरिंग करवाता है कि चुनाव वाले राज्य में मुख्यमंत्री के नजदीक लोग कौन-कौन हैं, उसके यहां छापे डालो। अगर उस नीयत से आपने ईडी को भेजा है तो गलत है। गहलोत ने कहा- ईडी, सीबीआई में कोई विदेश के लोग थोड़ी बैठे हैं, वहां भी यहीं के लोग है। जिनका जमीर मरा हुआ है तो बात अलग है अन्यथा एक सीमा के बाद में इन एजेंसियों के लोग अपने बॉस के गलत कामों के लिए मना कर देंगे। अब तो सुनने लगे हैं कि ईडी वाले अगर किसी के यहां आते हैं तो पहले ही कह देते हैं कि टेलीफोन, कागज वगैरह इधर-उधर कर दो ताकि मामला निपटे, यह स्थिति हो गई है।



### गवर्नर आरएसएस बैकग्राउंड के हैं, उनसे पूछ लीजिए मेरे फ्रैक्चर है कि नहीं

गहलोत ने कहा- मेरे दोनों पैरों के अंगूठों में चोट लग गई, एक अंगूठे के तीन टुकड़े हो गए और एक अंगूठे का नाखून पूरा बाहर आ गया, उसमें एयरलाइन फ्रैक्चर हो गया है। आपने टूटे हुए अंगूठों की सीटी स्कैन की फिल्म देखी होगी। ये इतने निम्न स्तर के लोग हैं, आरोप लगा रहे हैं कि जानबूझकर सिम्पैथी के लिए पट्टा बांधकर घूम रहा हूं। गवर्नर भी आरएसएस बैकग्राउंड के हैं, आप उनसे पूछ लीजिए कि सीटी स्कैन में क्या है?

**एससी-एसटी का आरक्षण दो-दो फीसदी बढ़ाने का परीक्षण करवा रहे हैं:** गहलोत ने कहा- जब पहली बार मेरी सरकार बनी थी, तब ओबीसी को 21 फीसदी आरक्षण दिया था। उस वक्त 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण नहीं दे सकते थे, इसलिए ओबीसी को 27 की जगह 21 फीसदी ही दिया। मैंने एसटी का आरक्षण छह से बढ़ाकर 12 फीसदी, और एससी का आठ से बढ़ाकर 16 फीसदी किया था, उसके बाद 22 फीसदी बचता था, जिसमें से 21 फीसदी ओबीसी को दे दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 50 फीसदी की सीमा खत्म कर दी तो ईडब्ल्यूएस को 10 फीसदी आरक्षण मिल गया। मैंने सबसे पहले ईडब्ल्यूएस को 14 फीसदी आरक्षण देने की मांग उठाई थी।



## अविश्वास प्रस्ताव गिरा
## मणिपुर में शांति का सूरज उगेगा', बोले पीएम मोदी

*INDIA और राहुल गांधी पर वार, लोकसभा में गिरा अविश्वास प्रस्ताव*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** लोकसभा में तीन दिन तक चर्चा के बाद गुरुवार (10 अगस्त) को विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। सदन से विपक्ष के वॉकआउट के कारण अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से गिरा। चर्चा के आखिरी दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रस्ताव पर जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने करीब सवा दो घंटे लंबे भाषण में विपक्षी गठबंधन इंडिया पर जमकर हमला बोला। पीएम ने मणिपुर पर भी सदन में बयान दिया। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर में कोर्ट का फैसला आया, अब उसके पक्ष-विपक्ष में जो परिस्थितियां बनीं उसमें हिंसा का दौर शुरू हुआ। महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए और यह अपराध अक्षम है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार कोशिश कर रही है। जिस तरह से प्रयास चल रहे हैं, करीबी भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा।

### यह सरकार का नहीं, विपक्ष का फ्लोर टेस्ट

मैं भगवान का आशीर्वाद मानता हूं कि उन्होंने विपक्ष को सुझाया और वे इसका प्रस्ताव लेकर आए। 2018 में भी वे अविश्वास प्रस्ताव लाए थे। तब मैंने कहा था कि यह हमारी सरकार के लिए फ्लोर टेस्ट नहीं है। उन्हीं का फ्लोर टेस्ट है। हुआ भी वही। जब मतदान हुआ, तो विपक्ष के पास जितने वोट थे, उतने भी जमा नहीं कर पाए थे।

### विपक्ष का अविश्वास हमारे लिए शुभ होता है

इतना ही नहीं, जब हम सब जनता के पास गए तो जनता ने भी पूरी ताकत के साथ इनके लिए नो कॉन्फिडेंस घोषित कर दिया। चुनाव में एनडीए को कहीं ज्यादा सीटें मिलीं। एक तरह से विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ होता है। एनडीए और बीजेपी 2024 के चुनाव में पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़कर जनता के आशीर्वाद से वापस आएगी।

### कांग्रेस का अपना कुछ नहीं

पीएम ने कहा, "अगर में पसीना भी पोछता हूं, तो कहते हैं देखो मोदी को पसीना आ गया। कांग्रेस की पहचान से जुड़ी कोई चीज उनकी अपनी नहीं है, चुनाव चिह्न से लेकर विचारों तक सब कुछ किसी और से लिया गया है, लेकिन कांग्रेस इन्हें अपना होने का दावा करती है।"

### कमियों को छुपाने के लिए चोरी'

कांग्रेस ने अपनी अपनी कमियों को छुपाने के लिए चुनाव चिन्ह और विचारों को भी चुरा लिया। कांग्रेस पार्टी बनाने वाले एक विदेशी थे। 1920 भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक नया ध्वज मिला, तो कांग्रेस ने उसे भी चुरा लिया।

## आजादी के बाद पहली बार नदबई में हुए ऐतिहासिक विकास काम

# 15वीं विधानसभा ने 'नदबई' की झोली में भर दी 'खुशियां ही खुशियां'

**विधानसभा के पहले सत्र से लेकर आखिरी सत्र तक नदबई के विकास के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करते रहे बड़ी-बड़ी घोषणाएं**

***स्थानीय विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने क्षेत्र के लिए जो- जो 'डिमांड' की उस 'डिमांड' को मुख्यमंत्री ने दी सरकारी मंजूरी***

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/भरतपुर।** प्रदेश में 15वीं विधानसभा प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा नदबई विधानसभा क्षेत्र को रास आई है, विधानसभा के पहले सत्र से ही नदबई के विकास के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने का जो सिलसिला शुरू हुआ था वह सिलसिला पिछले दिनों संपादित हुआ राजस्थान विधानसभा के आखिरी सत्र तक जारी रहा, स्थानीय विधायक और देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह अवाना की अनुशंसा पर राजस्थान विधानसभा के विभिन्न बजट सत्र में एक के बाद एक नियमित रूप से हुई विकास की नई-नई बड़ी-बड़ी घोषणाओं ने नदबई को विकास के ट्रैक पर बुलेट ट्रेन की तरह दौड़ा दिया है जिसके फलस्वरूप विकास की दृष्टि से यह विधानसभा सीट प्रदेश में सभी 200 विधानसभा सीटों से अलग नजर आने लगी है, राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि नदबई में जितने विकास कम विगत 5 साल में हुए उतने विकास कम प्रदेश में किसी भी विधानसभा सीट में नहीं हुए, यह ऐतिहासिक करिश्मा स्थानीय विधायक जोगिंदर सिंह अवाना और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच विगत 5 साल में स्थापित हुए मजबूत राजनीतिक संबंधों की वजह से ही हुआ है, अवाना की ओर से क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्तुत की गई अनुशंसा में एक भी अनुशंसा को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने "इग्नोर" नहीं किया, अवाना अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए जो भी मांगते रहे, उसे सीएम गहलोत पूरा करते रहे उसी का नतीजा है कि नदबई विधानसभा क्षेत्र का "उज्जैन" जो 5 साल पहले सिर्फ ग्राम पंचायत स्तर का हुआ करता था आज यह कस्बा नगर पालिका और पंचायत समिति के रूप में स्थापित हो गया है इसके अलावा यहां उपखंड कार्यालय, पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय सहित पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग कृषि, सड़क इत्यादि सभी विभागों से जुड़े करीब 3 दर्जन से ज्यादा नए सरकारी दफ्तर यहां पिछले 5 साल में खुले हैं जिसकी वजह से स्थानीय नागरिकों को काफी राहत और तसल्ली मिली है, बड़ी संख्या में खुले इन सरकारी कारणों की वजह से स्थानीय नागरिकों के समय और धन की बचत हुई है, इसी तरह से नदबई जैसे बड़े कस्बे में भी अनेकों बड़े-बड़े विकास कम पिछले 5 साल में संपादित हुए, नदबई में उप जिला अस्पताल की स्थापना होने के साथ-साथ जिला मुख्यालय से जुड़ने वाली सड़कों का निर्माण किया गया जिसकी वजह से पूरा इलाका नए कल्चर और कलेवर में नजर आने लगा है, सरकारी आंकड़े बयां कर रहे हैं कि विगत 5 साल में नदबई निर्वाचन क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास काम संपादित हुए, कहा यह भी जा रहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकार की तिजोरी के दरवाजे जितने नदबई वालों के लिए पिछले 5 साल तक हर पल खोले रखे उतना प्रदेश में किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए नहीं खोल रखे, नदबई में जो ऐतिहासिक ताबड़तोड़ काम हुए हैं उसका पूरा श्रेय खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जोगेंद्र सिंह अवाना को ही देते हैं।

सितारा न्यूज नेटवर्क पालिटिक्स बिग स्टोरी गरीबों का सितारा सितारा न्यूज नेटवर्क





### भाजपा नेता कृष्णेंद्र कौर दीपा भी जोगिंदर सिंह अवाना की जबरदस्त राजनीतिक पकड़ और लोकप्रियता को समझ चुकी हैं

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पूर्व मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता कृष्णेंद्र कौर दीपा भी नदबई में जोगिंदर सिंह अवाना की जबरदस्त लोकप्रियता से अच्छी तरह से वाकिफ है, कृष्णेंद्र कौर दीपा दीपा खुद नदबई से पूर्व में तीन बार नियमित रूप से विधायक रह चुकी हैं लेकिन पिछले 5 साल में नदबई निर्वाचन क्षेत्र में हुए ताबड़तोड़ विकास कामों के बाद जोगेंद्र सिंह अवाना की जबरदस्त और गजब की लोकप्रियता को देखकर भारतीय जनता पार्टी की इस सीनियर महिला नेता को भरतपुर में भाजपा की मीटिंग में जेपी नड्डा से यह रिक्वेस्ट करते हुए देखा गया कि मैं ही उन्हें हरा सकती हूं, पार्टी मुझे ही टिकट दे, इस मीटिंग में मुश्किल से कृष्णेंद्र कौर दीपा ने 1 मिनट अपना भाषण दिया था लेकिन उन्होंने जोगिंदर सिंह अवाना का नाम लिए बिना जेपी नड्डा को यह एहसास कराना चाहा कि नदबई में भाजपा के लिए यह सीट वे खुद ही निकाल सकती है और कोई दूसरा नेता नहीं, जेपी नड्डा की मौजूदगी में कृष्णेंद्र कौर दीपा की ओर से दिया गया यह बयान आजकल भरतपुर जिले की राजनीति में ही नहीं बल्कि प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है, बड़ी बात यह है कि पिछला चुनाव जोगिंदर सिंह अवाना ने बसपा के टिकट पर लड़ा था बाद में वे बसपा के अन्य विधायकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए अब राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि बसपा से प्रभावित जिन मतदाताओं ने अवाना को वोट दिया था, वे अब अवाना के के कामों से काफी खुश और प्रभावित हैं इसलिए आगामी चुनाव में उनका पूरा समर्थन अवाना को ही होगा साथ ही नदबई विधानसभा क्षेत्र के छोटे-बड़े सभी कांग्रेस जन इस समय जोगिंदर सिंह अवाना के समर्थन में खड़े हुए हैं इसलिए इस सीट पर कांग्रेस से प्रभावित मतदाताओं का भी पूरा सपोर्ट जोगिंदर सिंह अवाना के साथ है, इस तथ्य से पूर्व विधायक कृष्णेंद्र कौर दीपा अच्छी तरह से वाकिफ है इसीलिए उन्होंने जेपी नड्डा से जोगेंद्र सिंह अवाना का नाम लिए बिना कहा कि मैं ही उन्हें हरा सकती हूं और कोई नहीं, अब यह तो आने वाला समय बताएगा कि भारतीय जनता पार्टी नदबई से किस नेता को चुनाव मैदान में उतार रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी की ओर से जोगिंदर सिंह अवाना को ही चुनाव मैदान में उतारा जा रहा है।



पूर्वानुमान> 27°

| | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

## भूदोली ने की सांकेतिक भूख हड़ताल की घोषणा

# सत्याग्रह : मांगें मनवाने हेतु भूख हड़ताल पर बैठे छात्र नेता विनोद भूदोली

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर छात्र नेता विनोद भुदोली ने सांकेतिक भूख हड़ताल की। भूदोली ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव होने से विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों मे विकास कार्यो को गति मिलती है तथा प्रवेश परीक्षा व परिणाम में सुधार होता होता है , छात्र-छात्राओं की समस्याओं का समाधान छात्र नेता अपने स्तर पर भी करते हैं जिससे छात्र छात्राओं को मदद मिलती है इससे प्रशासन को भी सहयोग मिलता है, छात्र संघ चुनाव करवाने से नया नेतृत्वकर्ता मिलते है इसलिए छात्र संघ चुनाव करवाना आवश्यक है ।यदि शीघ्र सरकार छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाती हैं तो प्रदेश भर कि छात्र शक्ति के साथ मिलकर बढ़ा आंदोलन करेंगे तथा मुख्यमंत्री आवास व राजभवन का घैराव करेंगे। कांग्रेसी सरकार एनएसयू आई की कमजोर स्थिति होने के कारण चुनाव करवाने के मूड में नही है ।धरना स्थल पर दर्जनों छात्र छात्राएं मोजूद रहें ।







## गरीब को उसकी समस्याओं का समाधान मिले यह मेरी पहली प्राथमिकता: हुडला

सितारा न्यूज नेटवर्क



**महवा।** विधायक ओमप्रकाश हुडला ने गुरुवार को महवा बिजलीघर में जनसुनवाई कर लोगो के परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया। वही बाकी बचे प्रकरणों पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं और परिवेदनाओं को सुना और इनके जल्द से जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से प्राप्त समस्याओं का त्वरित समाधान कर राहत पहुंचाई जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का पात्र लोगों को पूरा लाभ मिले। इन योजनाओं से ऐसा कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे। इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे। इसके अलावा महात्मा गांधी नरेगा योजना और इंदिरा गांधी शहरी योजना में जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जावे साथ ही महंगाई राहत कैंप इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के कैंपो और व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जावे। जनसुनवाई के दौरान नरेगा, कैनाल, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली, पानी, सड़क, खाद्य सुरक्षा योजना, अतिक्रमण, चिकित्सा सहित अन्य प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण होने पर सभी परिवादियों ने विधायक हुडला का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान नवनियुक्त उपखंड अधिकारी लाखन गुर्जर, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी तेजराम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पौधे प्रकृति का श्रृंगार.... विष्णु महेरे

# पौधे लगाकर उनको संरक्षित करने का लिया संकल्प

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** बाड़ी शहर के नजदीक आदमपुर कृषि फार्म हाउस पर पौधारोपण किया गया । इस मौके पर अग्रणी समाज सेवी विष्णु महेरे ने कहा कि पौधे प्रकृति का श्रृंगार है, हमें आवश्यक रूप से पौधारोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए । डॉ अम्बरीश पचौरी ने कहा कि प्रकृति ही जीवन है, हमें हर संभव पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षित करनी चाहिए । फार्म हाउस पर 40 पौधे फलदार और 25 छायादार ,सजावटी पौधे लगाए और सभी ने इन पौधों को संरक्षित करने का प्रण लिया । इस मौके पर ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ अम्बरीश पचौरी, सूबेदार जगदीश जगरिया, रामेंद्र मीणा ,वीरेंद्र चंसोरिया, अग्रणी समाजसेवी विष्णु महेरे ,धीरू सिंह ,रामवीर कुशवाह आदि मौजूद रहे।



## उड़ान महिला मंडल ने मनाया लहरिया उत्सव





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रोहन शर्मा/ आमेर।** राजधानी जयपुर के (आमेर) में उड़ान महिला मंडल की ओर से लहरिया उत्सव 2023 जोर शोर से मनाया गया। रंगारंग कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं से सजे समारोह में उड़ान महिला मंडल की संस्थापिका प्रिया पाराशर, मंजू शेखावत, उमा राठौड़, रेखा राठौड, ने शिरकत कर महिलाओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन प्रिया पाराशर, के द्वार किया गया। पाराशर ने बताया कि महिलाओं को जागरूक करते हुए महिलाओं को घर के कामकाज के अतिरक्त महिला सशक्तीकरण के लिए प्रोत्साहित करते हुए नई सोच पुराने संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का हौसला दिलाया गया तथा आमेर क्षेत्र में जल्द ही घरेलू महिलाओ को रोजगार दिलाने के कुटीर उद्योग खोलने के बारे में जानकारी दी गई।

### थैलियों का उपयोग नहीं करने की शपथ ली

महिलाओं ने भजनों, व सावन के गीतों, नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी। मौसम, लहरियों से संबंधित प्रतियोगिताएं कराई गई। संस्था की सदस्यों ने मिलकर झूलों का लुत्फ उठाया। महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण भी किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण, वृक्षारोपण और अहिंसात्मक सौंदर्य प्रसाधन ही काम में लेने और प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नहीं करने की शपथ ली। साथ ही महिलाओं ने हाउजी, चेयर रेस आदि खेलों का भी आनंद लिया।

## खिदरपुर विद्यालय में बसेड़ी विधानसभा प्रत्याशी होतम सिंह का माला व साफा पहनाकर किया स्वागत



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल ।** बसेड़ी विधानसभा के गांव खिदरपुर विद्यालय बसेड़ी संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव का खिदरपुर गांव में सर्व समाज ने साफा माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया । इसके साथ धौंध,प्यारे की खिरकारी, खिदरपुर, बिरजा, चिलाचौंद, हल्लेका पुरा, रीक्षरी, कछपुरा, बरौली, रहरई, राजपुरा, तरवा, खोखला, पिपरैट, सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया इस दौरान बसेड़ी विधानसभा संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव, बाइस चेयरमैन अहमद जमा खां, वरिष्ठ पार्षद ओमवीर सिंह चौधरी, रुकमपाल सिंह जादौन, ? राजन मीणा, तेजेन्द्र सागर, डोंगर शर्मा, मुकेश कोली, सुरजीत गुर्जर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## टहटडा स्कूल मे राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल का समापन








सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की टहटड़ा सरकारी सीनियर स्कूल मे राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल शनिवार को मण्डल डायरेक्टर रामजीलाल मीना के सानिध्य मे समापन हुए, जो 05 अगस्त से अनवरत रूप से जारी रहे , 05 अगस्त को इन खेलो का उद्घाटन उम्मेदी लाल मीना(विधायक प्रतिनिधी) के द्वारा किया गया । टहटडा पंचायत स्तर के ओलंपिक खेलो मे क्रिकेट (पुरूष) पाडली टीम विजेता रही व क्रिकेट (महिला) टहटड़ा टीम विजेता तथा कबड्डी मे भी पुरुष व महिला टीम टहटड़ा ही विजेता रही एवं रस्सा कस्सी महिला टीम टहटड़ा विजेता और खो-खो मे भी टहटड़ा टीम ही विजेता रही व फुटबाल पुरूष मे पाली और फुटबाल महिला मे पाण्डेय रूपबास एवं वॉलीबाल पुरूष मे पाली की टीम तथा वॉलीबाल महिला मे पाण्डेय रूपबास टीम विजेता रही है। इस दौरान तीन दिन तक भोजन व्यवस्था सभी विधार्थियो व खिलाडियो के लिए शिवलाल बैरवा टहटड़ा के द्वारा की गई थी और एक दिन के लिए लोकेश मीना के द्वारा तथा शेष दिवस मे टहटडा पीईईओ व सभी स्टाफ द्वारा की गई। इस दौरान मुख्य रेफरी के रूप मे विमला जाट रही है तथा मंच संचालन चेतराम मीना हिन्दी व्याख्याता के द्वारा किया गया। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय प्रधानाचार्य/पीईईओ मुकुट बिहारी मीना के द्वारा दी गई है।

## पंचाग

दिनांक:11 अगस्त 2023 शुक्रवार

विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | एकादशी | अहोरात्र |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | मृगशीर्षा | 30:01:16 |
| योग | व्याघात | 15:04:13 |
| करण | बव | 17:44:56 |
| चन्द्र राशि | वृषभ | 16:57:18 |
| चन्द्र राशि | मिथुन | 16:57:18 |
| सूर्य राशि | कर्क | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:57:19 |
| सूर्यास्त | 19:01:31 | |
| चंद्रोदय | 25:58:59 | |
| चंद्रास्त | 15:40:24 | |
| राहू काल | 10:53 - 12:32 | |
| अभिजित | 12:06 - 12:58 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| चर | 05:57 - 07:36 | शुभ |
| लाभ | 07:36 - 09:15 | शुभ |
| अमृत | 09:15 - 10:53 | शुभ |
| शुभ | 12:32 - 14:11 | शुभ |
| चर | 17:28 - 19:07 | शुभ |



विशेष जानकारी
एकादशी व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## अपना घर आश्रम में मनाया प्रभुजनों का जन्मदिवस



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल ।** बाड़ी में आज अपना घर आश्रम बाड़ी में अपना घर सेवा समिति महिला एवं पुरुष इकाई बाड़ी एवं अपना घर आश्रम समिति सदस्यों की ओर से चार प्रभुजनों का जन्म दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ,जो स्थापना दिवस (9अगस्त) से प्रारंभ किया गया । प्रभुजनों का जन्मोत्वस प्रभुजी जिस दिवस को आश्रम में प्रवेश लेते है, उस प्रवेश दिवस को ही जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है । अपना घर की अध्यक्ष कमलेश गर्ग ने बताया कि प्रभुजनों की खुशी में ही हम सब की खुशी है इस प्रकार के कार्यक्रम से हमें वास्तव में ही आंतरिक रुप से खुशी की अनुभूति होती है । इसके साथ ही अपना घर आश्रम बाड़ी में आवासित समस्त प्रभुजनों के जन्म दिवस मनाए जाने की शुरूआत की गई । इस अवसर पर अपना घर के संस्थापक सुनील गर्ग कंपनी परिवार, अध्यक्ष कमलेश गर्ग सचिव ऊषा मित्तल उपाध्यक्ष मनोज मोदी ,वित्त सचिव विनोद गोयल ,अपना घर सेवा समिति पुरुष इकाई अध्यक्ष मुनीश बंसल मेडिकल वाले, महिला इकाई अध्यक्ष विमला गर्ग, कोषाध्यक्ष आशा बंसल ,प्रिंसी गर्ग, विमला मित्तल ,मीरा बंसल, रोशनी शिवहरे, विरमा देवी ,रामनिवास गर्ग बागथर बाले ,राकेश कंपनी परिवार, विष्णु महेरे, बंटू नादनपुर वाले, बनवारी ,महेश सर्राफ ,ऋषि डायमंड वाले, हरिओम गर्ग , अनिल मंगल जगन्नाथ कोली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सांसद हनुमान बेनीवाल के प्रयास से पीड़ित परिवार को मिला मुआवजा राशि



सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** विगत 6 जुलाई को अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री मूंडवा नागौर में हादसे के दौरान सुवाराम पुत्र मोतीराम बाजडोलिया हरिपुरा की मौत हो गई थी। सांसद बेनीवाल के प्रयासों से मृतक के पीड़ित परिवार को 15 लाख रुपए की राशि देने का वादा किया गया था जो कि 7 अगस्त 2023 को 10 लाख रुपये का चेक दिया गया साथ ही 4 लाख रुपये की राशि एक महीने में देने का वादा किया है । मुआवजे की राशि जो की मुंडवा से नवरत्न बग कोषाध्यक्ष मारवाड़ मूंडवा ट्रांसपोर्ट यूनियन,नगर पालिका मूंडवा प्रतिनिधि लखन कंदोई, महादेव ट्रांसपोर्ट के तेजाराम इनानिया, बालाजी रोडलाइंस के प्रताप इनानिया ने हरिपुरा गांव में आकर अपना वादा पूरा किया । इस मौके पर लिचाना सरपंच नानूराम कुल्डिया ने परिवार जनों का भरपूर सहयोग किया । इस मौके पर लिचाना सरपंच नानुराम कुल्डिया,पदमपुरा सरपंच प्रतिनिधि नंदाराम, वह समस्त ग्रामीण मौजूद रहे जिन्होंने सहयोग कताओं को धन्यवाद देकर पूरे परिवार का हौसला बढ़ाया । इस मौके पर पूसाराम खर्रा, मोतीराम बाजडोलिया, पप्पू राम, लछाराम बाजडोलिया, जगदीश लेगा ,भवरलाल कड़वा सभी ग्राम वासियों ने लिचाना सरपंच की बहुत ही प्रशंसा की।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## कांग्रेस जिला महासचिव जाकिर हुसैन ने दर्जनों गांवो का किया दौरा, सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** कांग्रेस जिला महासचिव जाकिर हुसैन प्रधान ने कांग्रेस कार्यकताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन गांव का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार कांग्रेस जिला महासचिव जाकिर हुसैन प्रधान नैनापुर ,घाट , बाई , मुहूरका बास , नागल अनेक गाँवो का दौरा कर लोगों से सम्पर्क किया और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी ओर ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही। इस दौरान उनका ग्रामीणों के द्वारा साफा बंधन व माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## खेलों की सहायता से बालकों में तन, मन और बुद्धि का होता है विकास : मिश्रा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** खेलों की सहायता से बालकों में तन, मन और बुद्धि का विकास होता है ।हमें खेल खेलों की भावना से खेलने चाहिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाजा में आयोजित राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम प्रकाश मिश्रा ने उक्त विचार व्यक्त किए ,श्री मिश्रा ने गहलोत सरकार की ओर से राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल योजना की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए विद्यालय में बालकों के लिए ठंडे पानी हेतु अपनी ओर से वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की । साथ ही एक पंक्ति के बरामदे बनवाने की घोषणा राज्य सरकार, भामाशाहों या निजी खर्चे पर बनवाने की घोषणा भी की। खेलों की संयोजक स्थानीय सरपंच सुमन सोनी ने भी खिलाड़ी छात्रों को आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन दिया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार तंवर ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता अरुण शमाकांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष चौथमल बंसीवाल,किशन सिंह, उपसरपंच त्रिलोक सिंह, वार्ड पंच माया देवी ,मीना देवी ,बाबू सिंह, रुपाराम लोहार थे। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य अशोक कुमार तंवर, उप प्रधानाचार्य सुमन रावत, अजय जैन एवं प्रकाश सालवी, सांवरमल सांखला, उमेश कुमार शर्मा, सुमन खोरवाल ,रेनू सेन सीता जाट, सोहनी जाट ,प्रकाश भगत शंभू दयाल व्यास ,महिपाल सिंह सामोता ,लोचन प्रकाश सिंह ,ज्योति प्रकाश ठाकुरदास मेहरा, ने माल्यार्पण कर एवं दुपट्टा ओढ़ा कर स्वागत किया। समारोह के मीडिया प्रभारी शंभू दयाल व्यास ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी विजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सिंह राठौड़ ने किया।

## बसपा प्रदेश सचिव एवं प्रत्याशी आरिफ खान ने प्रदेश स्तरीय सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय संकल्प यात्रा के लिए किया जनसंपर्क



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल ।** बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव एवं संभावित प्रत्याशी बसपा आरिफ खान ने अपनी टीम के साथ बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय संकल्प यात्रा के लिए विभिन्न गांवों एवं शहर में जनसंपर्क किया । संभावित प्रत्याशी बसपा आरिफ खान ने कहा कि अधिक से अधिक लोग 16 अगस्त को बाड़ी और सैपऊं पहुंचकर बहुजन समाज पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाएं इस मौके आरिफ खान प्रदेश सचिव बसपा किशन सिंह अजानिया ज़िला प्रभारी धौलपुर अचल सिंह अध्यक्ष विधानसभा बाड़ी युसुफ सरदार रविंद्र,कोमल ,मलिक हरून खान मौके पर शनि, उस्मान,आकाश, संदीप, सफीक खा ,रहमुदीन मलिक नशरू खान नाज़िम मलिक सहित लोग मौजूद थे ।

## गंगाजल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ



सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी(अनिल सिखवाल)।** गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति भारत इकाई द्वारा आज गायत्री मंदिर में गंगा मैया की पूजा अर्चना कर समिति के राष्ट्रीय महासचिव श्यामसुंदर मंत्री के सानिध्य में गंगा जल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूजा अर्चना गायत्री मंदिर के पुजारी महेश चौरसिया ने राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुन्दर मंत्री एवं शोभा मंत्री के साथ सभी साधकों द्वारा सम्पन्न करवाई । इस अवसर पर गायत्री मंदिर के व्यवस्थापक भेरूलाल उपाध्याय, मकराना शक्ति पीठ व्यवस्थापक सांवरलाल सैनी,सचिव परमानंद अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण मोर, राजू राम नेहरा, उपाध्यक्ष मुरलीधर गोयल, सहसचिव अनंत तिवारी, महिला प्रभारी हेमा गट्टानी, आशा झंवर , सत्यप्रकाश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र राजपुरोहित के साथ ही धर्म-परायण नगर की मातृ शक्ति गंगा जल लेने हेतु उपस्थित थी। कुचामन महिला मंच कीअध्यक्ष कृष्णा मंत्री के नेतृत्व में महिलाओं ने गंगाजल वितरण में सहयोग किया ।संयोजक राजपुरोहित ने बताया कि यह व्यवस्था नियमित प्रातः 8:30 से 11 :00 बजे तक रहेगी ।

# आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ-अलवर ने हर्षोल्लास के साथ मनाया विश्व आदिवासी दिवस





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के राजगढ उपखण्ड मुख्यालय के समीप 09 अगस्त 2023 बुधवार को मेगाहाईवे कालीपहाड़ी राजगढ़ स्थित आदिवासी मीणा बालिका छात्रावास भूमि पर आदिवासी सेवा संस्थान के तत्वाधान में संस्थान के अध्यक्ष रामकिशन आदुका की अध्यक्षता में विश्व आदिवासी दिवस को मूल निवासी दिवस के रूप में मनाया गया।

संस्थान के कोषाध्यक्ष लल्लू राम खुर्द ने बताया कि समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा डॉ बी आर अंबेडकर , बिरसा मुंडा , सावित्रीबाई फुले एवं जयपाल मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । इसके बाद स्थानीय आदिवासी कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन किया गया, साथ ही वक्ताओं द्वारा आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार एवं उनके वर्तमान हालात पर व्याख्यान दिया गया। प्रोफेसर भारत मीणा ने मणिपुर , मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ ,आसाम आदि राज्यों के साथ-साथ राजस्थान में भी कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार एवं महिला उत्पीड़न मानवाधिकारों का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन पर रोष व्यक्त किया। यूआईटी के अकाउंट ऑफिसर कैप्टन फैली राम मीणा ने परंपरागत ढांचा गीत गाकर आदिवासियों को संगठित होने का आह्वान किया। भारतीय डाक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी बोदन लाल मीणा ने यूआईटी से आदिवासी बालिकाओं के छात्रावास हेतु जमीन आवंटन के प्रयास का ब्यौरा दिया एवं इस हेतु आरक्षित दर अनुरूप आवश्यक राशि जुटाने का आवाहन किया, उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश मीणा ने समाज में आपसी भाईचारा बनाने के लिए समाज के पिछड़े लोगों पर ध्यान देने व उनका सहयोग करने पर जोर दिया इसके अलावा प्रोफेसर हरि सिंह मीणा , के एल मीना , शिक्षा उपनिदेशक रामेश्वर दयाल मीणा , पूर्व प्रधानाचार्य नंदलाल बैरवा , अंबेडकर समिति के अध्यक्ष पूर्व सरपंच अमर सिंह बैरवा , पीडब्ल्यूडी एईएन आरडी मीना , शिवराम मीणा ने प्रमुख वक्ता के रूप में अपने विचार रखे एवं प्रोफेसर केएल मीणा द्वारा लिखी पुस्तक आदिवासियों का भौगोलिक इतिहास का विमोचन किया गया। समारोह में पूर्व प्रधान कमिश्नर बीपी मीणा , रिटायर्ड पीडब्ल्यूडी एसीई एवं रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगीलाल मीणा , अलवर सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी युवा नेता बन्नाराम मीना , विधायक प्रतिनिधि उम्मेदी लाल मीणा , आम आदमी पार्टी के नंदलाल प्रागपुरा, भुरामल धोराला , लक्ष्मीनारायण गार्ड , भारत यात्री योगेश मीणा, जसराम झालाटाला, पाटन सरपंच सरोज मीणा सहित अनेक गणमान्य नागरिको ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर कैलाश भाबला, भगवान सहाय सिवाना, राजेश ईशवाना , कांति तेजाला ने ढांचा गीतो की रंगारंग प्रस्तुति दी एवं रिटायर्ड नायब तहसीलदार जयराम पटवारी ने अपने डांस से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव जयनारायण खरखड़ा , एसबीआई मुख्य प्रबंधक बनवारीलाल प्रागपुरा , रामचरण सुनारी समर्थ लाल रामसिंहपुरा , पप्पू राम नाईबास,मूलचंद धौलान, हरलाल खरखड़ा, रामस्वरूप रतनपुरा, लालचंद फौजी, बृजमोहन करनावर, एडवोकेट शिव सहाय बूचपुरी, भागचंद बाबूजी, कुलदीप लीली, कंवरपाल बघेली, रामरतन जामडोली, बद्री कचावा ,पूरण बाबूजी भूलेरी, सुखराम नांगल धर्मु, गिर्राज सेक्रेटरी, कजोड़ मल सकट, रामसिंह झालाटाला, रामफूल कुण्डरोली, पूरण बूचपुरी, लखन बाजोली, मदन परबेणी,नंदलाल टहटडा, आरडी बैरावण्डा , हरनारायण पटेल, खिल्लीराम कालीपहाड़ी, हरसहाय पटेल ,रामकरण बंगला, शंभू दयाल, भजनी राम थानाराजाजी एवं आसपास के गांव ईंदुपुरा, चंदुपुरा, नयागांव बोलका, सूरेर,नीमला, भजेड़ा, भाकरी, अलेई, मूनपुर, आदि कई गांव के सैकड़ो महिला, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे मंच संचालन रामनिवास झालाटाला ने किया। मिडिया को यह सारी जानकारी संस्थान के कोषाध्यक्ष लल्लुराम खुर्द के द्वारा दी गई है।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रैणी उपखंड के ग्राम पाटन में...

## मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत वीरो का वंदन, मिट्टी को नमन कार्यक्रम हुआ आयोजित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीणा।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के ग्राम पाटन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तर पर मातृभूमि को नमन , शहीदो का वंदन , शहीद परीवारो का सम्मान , झण्डारोहण कार्यक्रम ग्राम पचायत सरपंच सरोज मीना की मौजूदगी मे किया गया । जिसमे सरपंच सरोज मीणा व एलडीसी राजकुमारी के द्वारा मनरेगा भवन के पास जोहड़ पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया, तथा सभी महिला पुरूषो ने शहीदो के परीवारजनो के सम्मान करने की प्रतिज्ञा ली , झण्डा.रोहण किया तथा भारत माता के नारे लगाये। इस दौरान स्थानीय सरपंच सरोज मीणा , कनिष्ट लिपिक राजकुमारी राजपूत , गार्ड नन्दू सैन , रामेश्वर दयाल शर्मा , राजेंद्र प्रसाद मीणा सहित अनेक महिला पुरूष मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय सरपंच सरोज मीना के द्वारा दी गई है।

राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय आह्वान पर...

## नर्सेज कर्मचारियों ने निदेशालय का किया घेराव,11 सूत्रीय मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश सह संयोजक प्रवीण कुमार सैनी के साथ ब्लॉक गोविंदगढ़ सह संयोजक अमित कुमार सैनी कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश डाबरिया गोविंदगढ़ ब्लॉक संरक्षक रामलाल सैनी गिरिराज जांगिड़ भगवान सहाय यादव रवि सैनी राकेश यादव सहित ब्लॉक के नर्सिंग कर्मियों ने जिला संघर्ष समिति के साथ निदेशालय का घेराव कर निदेशक अराजपत्रित सुरेश कुमार नवल को ग्यारह सूत्रीय मांगो के समाधान हेतु ज्ञापन दिया ।



## माचाडी कस्बे मे राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का हुआ समापन







सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना।** अलवर जिले के माचाड़ी कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरूवार को राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का समापन समारोह पूर्व सेवा निवृत्त बीईईओ मनीराम धाकड़ के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कैलाश मीना ने करते हुए सभी खिलाडियो को ब्लॉक स्तर पर जीतने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी और बताया कि अब जो ब्लॉक स्तरीय टूनामेंट होंगे उनमे माचाड़ी खेल मैदान में फुटबॉल टीमों का खेल होगा। विजेता टीमों के सभी खिलाडियो को मैडल प्रदान किए गए। इस दौरान ही कक्षा 11 का एक छात्र शिवराज सिंह नरुका जिसको दो सौ रुपए रास्ते मे पड़े हुए मिले उसने अपनी इमानदारी का परिचय देते हुए वो दो सौ रुपए प्रिंसिपल को देकर जिसके गिरे उन्हें लौटाए जिस पर शाला स्टॉफ व उपस्थिति गणमान्य लोगों ने उसकी सराहना करते हुए उसे मौके पर सम्मानित किया। समापन समारोह पर झंडावतरण कर राष्ट्र गान के साथ समापन समारोह किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर विमलेश भदौरिया , मुकेश रावत , लक्ष्मी नारायण सैनी , रामदयाल मीणा , महेश मीणा , नागपाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक व सारा स्टॉफ मौजूद रहा।

मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय प्रधानाचार्य कैलाश चंद मीना के द्वारा दी गई है।

*ब्रजभूमि कल्याण परिषद ने की प्रेस वार्ता*

# राजस्थान में अलगाव, आतंक, असुरक्षा और अशांति के रक्तबीजः मेवात विकास बोर्ड भारत की एकता व अखंडता को खतराः डॉ पंकज गुप्ता




सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** राजस्थान लोक संवाद अभियान" आगामी विधानसभा चुनाव-2023 में 150-कर्मयोगी विधायक राजस्थान विधानसभा में विजयी बनाने की योजना है। भगवद्गीता राजस्थान की राजनीति में विधानसभा-2023 के महाभारत में धर्मयुद्ध का शंखनाद करेगी। राजस्थान अपराधमुक्ति महायज्ञ ! आज मानव अधिकारों की रक्षा और प्रदेश तथा देश की सुरक्षा, शांति, विकास, सद्भावना और न्याय की बेहतर विधि व्यवस्था हेतु अनिवार्य आवश्यकता है। हाल ही में हरियाणा के नूंह जिले में अप्रत्याशित देश को शर्मसार करने वाली घटना घटी और हमारे देश हिंदुस्तान में बहुसंख्यक समाज के शांतिप्रिय नागरिक जो कि अपने मंदिरों में पूजा करने जा रहे थे, भारत के संविधान में प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत अपने धर्म की धार्मिक यात्रा निकाल रहे शांतिप्रिय नागरिकों महिलाओं पुरुषों बच्चों के ऊपर सुनियोजित साजिश रच कर एक अन्य समुदाय के धार्मिक उन्माद फैलाकर बहुसंख्यक समाज को डराने के उद्देश्य से समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा आतंकवाद फैलाया गया और हिंसा का नंगा नाच हुआ, अनेक महिला पुरुषों को, हिंसा पर उतारू भीड़ के द्वारा हथियारों से मार दिया गया, यहां तक की उनकी सुरक्षा कर रहे पुलिसकर्मियों को भी मार दिया गया, धार्मिक यात्रा और नागरिकों के ऊपर पत्थरबाजी की गई पुलिस की गाड़ियों को और बहुसंख्यक समाज की गाड़ियों को जला दिया गया, पुलिस के थाने को जला दिया गया, पुलिस की चौकी को जला दिया गया, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और यह समुदाय विशेष की भीड़ को इकट्ठा करके धार्मिक उन्माद फैला करके दिनदहाड़े पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे हुआ जो बहुत ही शर्मनाक है और जनता और प्रशासन की आंख खोलने वाला प्रकरण रहा, दंगों के उपरांत जांच में यह सामने आया है कि इस आतंकवादी हिंसा में बांग्लादेशी रोहिंग्या पाकिस्तान अवैध घुसपैठ क्यों के स्लीपर सेल के द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाया गया और हिंदू समुदाय की धार्मिक यात्रा पर पत्थरबाजी की, गोलीबारी की, हिंसा और अराजकता फैलाई और इस, अप्रत्याशित घटना को अंजाम दिया गया।

राजस्थान प्रदेश की सरकार को हरियाणा के नूंह, मैं हुए इन दंगों से सबक लेने की आवश्यकता है क्योंकि नूंह में राजस्थान के भी अवैध घुसपैठियों और रोहिंग्या पकड़े गए है, राजस्थान प्रदेश में भी प्रत्येक शहर और कस्बे में सरकार को चाहिए कि वह एक अवैध घुसपैठियों को चिन्हित करने की मुहिम चलाएं और जो रोहिंग्या, पाकिस्तानी, आतंकवादी, अलगाववादी, बांग्लादेशी विभिन्न स्थानों पर बैठकर स्लीपर सेल का काम कर रहे हैं और राजस्थान प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा के लिए उनसे विशेष खतरा है तो अभी समय रहते राजस्थान की सरकार, पुलिस और प्रशासन को सतर्क हो जाना चाहिए और इनके ऊपर कार्यवाही करनी चाहिए। इस मौके पर बोलते हुए ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता ने बताया कि हरियाणा के नूँह में हिंदुओं के ऊपर हमले, एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है जिसके अंदर आतंकवादियों के द्वारा हिंदुओं की शोभायात्रा पर पथराव किया गया गोलीबारी की गई अनेक हिंदुओं की हत्या की गई कई पुलिसवालों की हत्या की गई 100 से अधिक पुलिस के वाहनों को और आम वाहनों को फूंक दिया गया एक थाने को फूंक दिया गया पुलिस चौकी को फूंक दिया गया एके-47 और बड़े हथियारों से गोलियां चलाई कई महिलाओं को खींचकर खेतों में ले गए और उनके साथ बलात्कार करने की भी सूचना आई है उन्होंने इस हिंसा को जघन्य हत्याकांड बताया और कहा कि यह हत्त्या, बलात्कार, गोलीबारी को आतंकवादी घटना व कांग्रेस की तुष्टिकरण राजनीति का परिणाम , बताया क्योंकि वहाँ तत्कालीन कॉंग्रेस की सरकार द्वारा पहले मेवात विकास बोर्ड बनाया गया था और बाद में मेवात ज़िला बनाया गया था ! जिसका नाम बदलकर बाद में भाजपा की सरकार के द्वारा नुंहू जिला किया गया।

राजस्थान में भी राजस्थान की तत्कालीन कॉंग्रेस की हरदेव जोशी सरकार ने 20 फरवरी 1987 को राजस्थान के बृज के क्षेत्र का सांप्रदायिक विभाजन करके भारत के संविधान के खिलाफ निर्णय लिया एवं तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए, मेव वोट की खातिर अलवर की 7 पंचायत समिति और भरतपुर की 3 पंचायत समिति को मुस्लिम क्षेत्र घोषित किया और मेवात विकास बोर्ड का गठन किया ये एक और पाकिस्तान का बीजारोपण कांग्रेस के द्वारा किया गया था, उन्होंने बताया कि यह मेवात विकास बोर्ड का गठन उसी आधार पर किया गया था जिस आधार पर 1947 में पाकिस्तान का निर्माण हुआ था. उन्होंने बताया की तथाकथित मेवात का क्षेत्र वास्तव में श्री कृष्ण की लीला भूमि है ब्रिज का चित्र क्षेत्र है यहां पर श्रीकृष्ण ने अपनी बाली लाइक किए और हमारे तमाम आदि तीर्थ यहां पर विराजमान हैं आदि वृंदावन है आदि केदारनाथ और बद्रीनाथ है चरण पादुका है भोजन थाली है श्री कृष्ण की फिसल पट्टी है उन्होंने कहा कि ब्रिज का क्षेत्र श्री कृष्ण का क्षेत्र है ब्रज भक्त ब्रजवासी और श्री कृष्ण के भक्त किसी भी सूरत में ब्रज क्षेत्र का मेवात नामकरण स्वीकार नहीं करेंगे और मेवात विकास बोर्ड को भंग करना ही होगा, ब्रजभूमि कल्याण परिषद गत ३५ वर्षों से उक्त मेवात विकास बोर्ड भंग करने के लिये आंदोलनरत हैं ! आगे इतिहास के बारे में खुलासा करते हुए उन्होंने कहा की भारत की आजादी के समय भी 1947 में इस क्षेत्र में मेव समुदाय ने अलग राष्ट्र की मांग की थी तत्कालीन भरतपुर के राजाओं और अलवर के राजाओं ने उस समय के मेवात के विद्रोह को सशस्त्र सेना के द्वारा कुचला था। और आज ही भारत और हरियाणा के सरकार को कड़ी कार्यवाही करते हुए इस ससस्त्र विद्रोह को कुचलना चाहिए और जो भी इसमें दोषी हैं उनके ऊपर बुलडोजर चलना चाहिए उनके मकानों को नेस्तनाबूद करना चाहिए उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस को मुख्य रूप से भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी गीता परिवार जयपुर के जिलाध्यक्ष राज कुलदीप सिंह धोनी कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर पंकज गुप्ता और भारतीय चेतन निर्माण स्थान के अलवर के संयोजक और भाजपा नेता मेजर धीर सिंह मैं संबोधित किया उन्होंने पीड़ित परिवारों महिला पुरुष के लिए शीघ्र मुआवजे की भी मांग की। इस मौके पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के प्रदेश मंत्री प्रेम प्रकाश शर्मा, संरक्षक हरिराम शर्मा, जिलाध्यक्ष कैप्टन उमराओ सैनी, नगर अध्यक्ष यशवंत कुमार गुप्ता, नगर मंत्री मनोज शर्मा, गीता परिवार के जिला अध्यक्ष अश्वनी जावली, गंडूरा के सरपंच अजीत सिंह शीलू गंडूरा, भाजपा नेता मेजर धीर सिंह गंडूरा, आदि दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता और भक्त गण उपस्थित थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# सियासी एजेंडे का अस्त्र बना अविश्वास प्रस्ताव

वही हुआ, जो तय था। अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। सरकार के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया था, इस पर मंगलवार से बहस चल रही थी। संख्याबल के हिसाब से सरकार की जीत तय ही थी, जो हुई। विपक्ष ने अपनी बात रखी कि वह क्यों यह अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया। इस दौरान विपक्ष के नेता सरकार पर हमलावर रहे। बहस के दौरान सत्ता पक्ष की ओर से भी तमाम वरिष्ठ नेता विपक्ष के आरोपों का जवाब देते रहे। सबसे उत्सुकता राहुल गांधी को लेकर थी। मोदी सरनेम मामले में कोर्ट के फैसले के बाद राहुल की सांसदी चली गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के बाद लोकसभा सचिवालय ने राहुल की संसद सदस्यता बहाल कर दी थी। उसके बाद पहली बार राहुल गांधी संसद आए, तो विपक्ष को उम्मीद थी कि वे अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत करेंगे। हालांकि ऐसा नहीं हुआ, वे मंगलवार के बजाय बुधवार को बोले। अपने संबोधन के दौरान राहुल ने सरकार पर कई आरोप लगाए। उनकी फ्लाइंग एक्शन ने सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई। गुरुवार को बहस के आखिरी दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के सभी आरोपों का जवाब दिया। अविश्वास प्रस्ताव लाने के पीछे विपक्ष का मकसद ही यही था कि प्रधानमंत्री मणिपुर समेत सभी मुद्दों पर बोलें। इस हिसाब से अविश्वास प्रस्ताव को आशिंक रूप से सफल कहा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर देश को भरोसा दिया कि वहां जल्द शांति बहाल होगी, मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को अंजाम देने वालों को सजा दिलाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी, इसी के साथ वे कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर सत्ता की भूख, परिवारवाद, वंशवाद आदि आरोपों के साथ आक्रामक भी रहे। तीन दिन की बहस को सुन कर साफ लगा कि विपक्ष व सत्ता पक्ष दोनों इसके नाम पर अपनी-अपनी राजनीति ही कर रहे हैं। इसके असल मकसद से शायद किसी को भी मतलब नहीं था। ऐसे में सवाल उठता है कि जब राजनीति ही करनी थी तो फिर विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया ही क्यों? अच्छा होता विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव के बजाय मणिपुर पर चर्चा के लिए सदन में प्रयास करता, इससे इस विषय पर अधिक सार्थक विमर्श होता। यह पहली बार नहीं है जब अविश्वास प्रस्ताव का यह हश्र हुआ हो। इससे पहले भी विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव 27 बार गिर चुके हैं। विपक्ष को जरूर आत्ममंथन करना चाहिए कि वे अविश्वास प्रस्ताव लेकर क्यों आए? जब उन्हें पता था कि यह टिकेगा नहीं। क्या इससे सदन का समय नहीं जाया हुआ? क्या यह संवैधनिक अधिकारों का दुरुपयोग नहीं है? इस दौरान जरूरी विधेयकों पर चर्चा हो सकती थी, डेटा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय सदन में गंभीर चर्चा नहीं होनी चाहिए थी? सरकार को शुरू में ही विपक्ष की मांगों की कुंग-फू की तरह हवा निकालनी चाहिए थी। संविधान में दिए गए प्रावधानों का विवेकसम्मत इस्तेमाल करना चाहिए। मिशन 2024 के लिए एजेंडा सेट करने में जुटे विपक्ष व सत्ता पक्ष को संसद के समय का उपयोग देश के विकासोन्मुख मुद्दों के हल की दिशा में करना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी उन्मूलन, कृषि क्षेत्र का विकास आदि अधिक महत्वपूर्ण विषय हैं, जिन पर संसद में काम होने की जरूरत है। यह अविश्वास प्रस्ताव भी सियासी एजेंडे का अस्त्र बन कर रह गया।



आजादी विशेष
विवेक शुक्ला

15 अगस्त को प्रधानमंत्री द्वारा तिरंगा फहराना आज भले ही स्वतंत्रता दिवस का पर्याय है, लेकिन बहुत कम लोगों को यह बात मालूम होगी कि आजादी हासिल करने के बाद लाल किले पर पहली बार 15 अगस्तको नहीं, बल्कि 16 अगस्त 1947 कोसुबह साढ़े आठ बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था। नेहरू ने पहली बार 16 अगस्त 1947 को सुबह साढ़े आठ बजे लाल किले की प्राचीर पर ध्वजारोहण किया था। ध्वजारोहण से पहले उस्ताद विसिमिल्लाह खान ने बांसुरी बजाकर माहौल को खुशगवार बना दिया था। 14 अगस्त 1947 की शाम को ही वायसराय हाउस (अब राष्ट्रपति भवन) के ऊपर से यूनियन जैक को उतार लिया गया था।

# लाल किला के लिए दो तारीखें खास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त को लाल किले से देश को संबोधित करेंगे। दरअसल लाल किला के लिए दो तारीखें बेहद खास अहमियत रखती हैं। पहली, 29 अप्रैल, 1639 और दूसरी, 15 अगस्त, 1947। भारत को 15 अगस्त, 1947 को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिलने के बाद, देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले से पहली बार ध्वजारोहण कर देश को संबोधित किया था और देश में अमन, चैन, शांति बनाए रखने एवं इसके अभूतपूर्व विकास करने का संकल्प लिया था। तब ही से हर साल 15 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हैं। 1947 में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 72 मिनट तक देशवासियों को संबोधित किया था। इसके बाद 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 94 मिनट तक लाल किले की प्राचीर से भाषण दिया, जो किसी भी प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर दिया जाने वाला सबसे लंबा भाषण माना जाता है।

प्रधानमंत्री मोदी 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से लगातार दसवीं बार तिरंगा ध्वज फहराएंगे। देश के प्रधानमंत्री के तौर पर लाल किले से सबसे ज्यादा 17 बार तिरंगा पंडित जवाहरलाल नेहरू ने फहराया है। उनके बाद पूर्व पीएम इन्दिरा गांधी का स्थान आता है। उन्होंने 17 बार तिरंगा फहराया। अब इस सूची में तीसरे स्थान पर डॉ. मनमोहन सिंह के साथ मोदी शामिल हो जाएंगे। इस बीच, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक और इतिहासकार सर सैयद अहमद खान ने दिल्ली की खासमखास इमारतों पर लिखी अपनी किताब 'असरारुस्नादीद' (पूर्वजों की निशानियां) में लिखा कि लाल किले के निर्माण के लिए 50 लाख रुपये रखे गए थे। बहरहाल, शुरू में योजना थी कि लाल किला आगरा के किले से क्षेत्रफल में दो गुना और लाहौर किले से कई गुना बढ़ा होगा। लाल किले की प्राचीर पर 15 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री द्वारा तिरंगा फहराना आज भले ही स्वतंत्रता दिवस का पर्याय है, लेकिन बहुत कम लोगों को यह बात मालूम होगी कि आजादी हासिल करने के बाद लाल किले पर पहली बार 15 अगस्त को नहीं, बल्कि 16 अगस्त 1947 को सुबह साढ़े आठ बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पहली बार 16 अगस्त 1947 को सुबह साढ़े आठ बजे लाल किले की प्राचीर पर ध्वजारोहण किया था। उस समय नेहरू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चलो दिल्ली के नारे और दिल्ली के लाल किले पर आजादी के ध्वज को फहराए जाने के अपने सपने का जिक्र किया था। उनके ध्वजारोहण से पहले उस्ताद विसिमिल्लाहखान ने बांसुरी बजाकर पूरे माहौल को खुशगवार बना दिया था। उन्हें उसी सुबह एयरफोर्स के विमान से दिल्ली लाया गया था। इससे पहले 14 अगस्त 1947 की शाम को ही वायसराय हाउस (अब राष्ट्रपति भवन) के ऊपर से यूनियन जैक को उतार लिया गया था। बता दें इसका निर्माण लाल बलुआ पत्थर एवं सफेद संगमरमर के पत्थरों से किया गया था। आप कभी करीब डेढ़ किलोमीटर की परिधि में फैले इस भव्य ऐतिहासिक स्मारक को करीब से देखिए। तब समझ



आता है कि ये कितना बुलंद है। इसके चारों तरफ करीब 30 मीटर ऊंची पत्थर की दीवार बनी हुई है, जिसमें मुगलकालीन वास्तु कला का इस्तेमाल कर बेहद सुंदर नक्काशी की गई है। लाल किले के अंदर दो गेट खास हैं। इनमें लाहौर गेट प्रमुख है। आपको बता दें कि इस लाहौर गेट को सैलानियों एवं आम लोगों के लिए खोला गया है, जबकि दिल्ली गेट से सिर्फ वीवीआईपी और कुछ बेहद खास लोग ही प्रवेश पा सकते हैं।

अब इतिहास के पन्नों को खंगालते हैं। अगर बात 29 अप्रैल, 1639 की करें तो उस दिन पांचवे मुगल शासक शाहजहां ने लाल किले की बुनियाद रखने के आदेश जारी किए थे। वह उनके शासनकाल का 12वां वर्ष था। शाहजहां की जीवनी 'बादशाहनामा' में बताया गया है कि शाहजहां ने कुछ हिंदू ज्योतिषियों और मुस्लिम धर्मगुरुओं की सलाह के बाद सलीमगढ़ के पास लाल किला का निर्माण करने का निर्णय लिया था। शाहजहां के पूर्वज अकबर और जहांगीर सलीमगढ़ में आया करते थे। सलीमगढ़ को शेरशाह सूरी के पुत्र इस्लाम शाह सूरी ने तामीर करवाया था। लाल किले के बहाने यहां विशाल तुगलकाबाद किले का जिक्र करने का मन कर रहा है। उसका निर्माण सन 1321 में शुरू हुआ था और यह केवल 4 वर्षों में बन कर तैयार हुआ। लाल किले का असली नाम किला-ए-मुबारक है। शाहजहां ने लाल किले के डिजाइन की जिम्मेदारी उस्ताद अहमद लाहौरी को सौंपी थी। उस्ताद अहमद लाहौरी वही आर्किटेक्ट थे जिन्होंने ताजमहल को भी डिज़ाइन किया था। जाहिर है कि शाहजहां को ताजमहल के निर्माण के बाद उस्ताद अहमद लाहौरी की क्षमताओं का पता चल ही गया था, इसलिए लाल किले के लिए भी उनका ही चयन हुआ। हालांकि उन्हें कुछ और भी आर्किटेक्ट सहयोग कर रहे थे। दरअसल शाहजहां अपनी पत्नी मुमताज के ताज महल परिसर में बनाए गए मकबरे के डिजाइन से इतना मुतासिर थे कि उन्होंने लाल किले के डिजाइन की बड़ी जिम्मेदारी उस्ताद लाहौर को दी। इतिहासकार राना साहवी कहती हैं 'उस्ताद लाहौरी का ज्ञान, अनुभव और क्षमताएं निर्विवाद थीं। इसलिए ही शाहजहां ने इन पर भरोसा किया। ताज महल और लाल किले जैसी शानदार इमारतें इनकी काबिलियत की तसदीक करती है।' मुगल बादशाह शाहजहां ने लाल किले के निर्माण से जुड़े लोगों को साफतौर पर बता दिया था कि वे चाहते हैं कि इसका निर्माण शीघ्र हो। इसमें देरी स्वीकार नहीं होगी। जाहिर है कि बादशाह के आदेश के बाद देश भर के निर्माण क्षेत्र के विशेषज्ञों ने दिल्ली में डेरा जमा लिया। लगभग 9 सालों के बाद लाल किला बनकर तैयार हुआ। तब ये जानकारी शाहजहां को दी गई। शाहजहां उस समय काबुल के दौरे पर थे। वे तुरंत दिल्ली लौट आए। वे खुश थे कि लाल किला बन गया था। उन्होंने 15 अक्तूबर, 1645 को इस बुलंद इमारत को पहली बार देखा। वे इसे देखते ही प्रसन्न हो गए। कम लोगों को पता होगा कि मुगल दौर की इस बुलंद इमारत को 'किला ए मुबारक' भी कहा जाता था।

लाल किले का जब निर्माण किया गया था तब इसे कोहिनूर हीरा जैसे कई बहुमूल्य रत्नों से सजाया गया था, लेकिन जब भारत पर अंग्रेजों का राज हुआ, तब वे इसे निकाल कर ले गए थे। इसके साथ ही इस विशाल किले के अंदर शाही मयूर राज सिंहासन भी बनाया गया था, जिस पर बाद में अंग्रेजों में अपना कब्जा जमा लिया था। 1857 की क्रांति के दौरान इस पर गोरे सैनिकों ने हमला करके इसे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। लाल किले पर साल 1747 में नादिर शाह ने भी कसकर लूटपाट की थी। आप जानते हैं कि जब स्वाधीनता दिवस पर प्रधानमंत्री लाल किले से देश का तिरंगा फहरा रहे होते हैं तब उनके सामने चांदनी चौक का गौरी शंकर मंदिर, गुरुद्वारा सीसगज और जामा मस्जिद भी होती हैं। शाहजहां और लाल किले का जिक्र हो और जामा मस्जिद की बात ना हो यह कैसे हो सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



108 दिव्य देव स्थानों में से एक, पद्मनाभस्वामी मंदिर केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित है। सोने की परत चढ़ाए गए इस मंदिर को केवल हिंदू तीर्थयात्रियों के लिए खोला जाता है। भगवान पद्मनाभ को समर्पित ये मंदिर, जो कि भगवान विष्णु के अवतारों में से एक है।

## अधिक मंथन से विष ही निकलता



संकलित
दर्शन

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी।

## अपनी गठरी टटोलें



संकलित
प्रेरणा

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहा- भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहा- नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोला- महोदय मैं एक नामी ठग हूं परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरु निकले। दूसरा यात्री बोला- कैसे? पहला यात्री कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्री-मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोला-तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्री-मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली संभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहां से! ईश्वर नित नई खुशियां हमारी झोली में डालते हैं, परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझांक बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें!

## पहल
डॉ. मोनिका शर्मा




# जरूरी हैं पुस्तकालय

हाल ही में संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित पुस्तकालय महोत्सव में दुनियाभर के प्रसिद्ध पुस्तकालयों की विशेषताओं को दर्शाया गया। किताबों से बढ़ती दूरी के इस दौर में यह आयोजन देश में पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण पर चर्चा शुरू करने का सार्थक उद्देश्य लिए है। बीते कुछ बरसों में पढ़े-लिखे लोगों की संख्या बढ़ी है पर किताबें पढ़ने वाले कम हुए हैं। पुस्तकों से दोस्ती कुछ छूट सी गई है। कमोबेश हर उम्र के लोग स्मार्ट गैजेट्स मे गुम दिखाई देते हैं, जबकि पुस्तकें इंसान की सबसे अच्छी मित्र कही जाती हैं। जीवन को परिष्कृत करती हैं। विज्ञान से लेकर मनोविज्ञान तक, ऐसे कई अध्ययन हैं जो बताते हैं कि अकेलेपन की साथी, अपनी सी सलाहकार और ज्ञान का भंडार किताबें पढ़ते समय उसमें दर्ज हर शब्द की आवाज, गंध और स्वाद तक को भी हमारा मस्तिष्क महसूस करता है। ऐसे में मानवीय हर मोर्चे पर सकारात्मकता पोषित करने के लिए ही नहीं सामाजिक मूल्यों को मजबूती देने के लिए भी पुस्तकों का हमारे लिए उपलब्ध रहना आवश्यक हैं। पुस्तकों के साथ इसी जुड़ाव को बनाए रखने और हमारे सांस्कृतिक आधार को सहेजने के लिए पुस्तकालय जरूरी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने भी कहा कि 'पुस्तकालयों का विकास समाज और संस्कृति के विकास से जुड़ा हुआ है। यह सभ्यता और संस्कृति की प्रगति का पैमाना भी होता है। पुस्तकालय विकसित सभ्यताओं के बीच सेतु का काम करते रहे हैं।' निस्संदेह जन-जागरूकता, लोक शिक्षण और सामाजिक जुड़ाव के लिए पुस्तकालयों की सदा ही अहमियत रही है। हमारे स्वतन्त्रता आंदोलन में भी सार्वजनिक पुस्तकालयों में उनकी उपलब्धता से जन-जन तक संदेश पहुंचाए जाते थे। यही वजह है कि साक्षरता, शिक्षा, सामुदायिक मेलजोल, सामयिक विमर्श और अध्ययन-चिंतन के केंद्रों के रूप में पुस्तकालय सदैव महत्वपूर्ण रहे हैं। दरअसल, पुस्तक संस्कृति को पोषित करने के लिए ही नहीं बदलती जीवनशैली में किताबों की मौजूदगी बनाए रखने के लिए भी पुस्तकालय जरूरी हैं। इसके लिए तकनीक के बढ़ते दखल के इस दौर में पुस्तकालयों का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण भी आवश्यक है। यही वजह है कि भारत में एक राष्ट्र एक डिजिटल लाइब्रेरी की योजना को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। निस्संदेह, पुस्तकों की ओर लौटने से जुड़ा 'पुस्तकालय महोत्सव 2023' का यह प्रयास हर भारतीय के मन भाने वाला है। किताबों से जुड़ने को लेकर नई आशा का संचार करने वाला है। मन-जीवन के हर मोर्चे पर परिष्करण के लिए इतिहास के दस्तावेजों से लेकर आधुनिक अनुसंधान से जुड़ी सूचनाओं की किताबों तक, लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने वाले पुस्तकालयों का विकास जरूरी है। आज के बदलते दौर में भी डिजिटलीकरण भी जनसामान्य को सुशिक्षित करने और देश के कोने-कोने तक पठनीय सामग्री की पहुंच बढ़ाने में सहायक होगा। ऐसे में बिना किसी ऊंच-नीच देश के हर नागरिक तक सूचनाएं पहुंचाने में पुस्तकालयों के विकास की मुहिम वाकई सराहनीय है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### आदिवासियों को रिझाने निकले राजनीतिक दल

विधानसभा चुनाव दहलीज पर खड़े है। आदिवासी दिवस मनाने राहुल गांधी राजस्थान के मानगढ़ धाम पहुंचे। कांग्रेस के 70 साल के शासनकाल में आदिवासियों की स्थिति जैसी की वैसी ही रही है। आदिवासियों का शोषण होता आ रहा है। राहुल गांधी आदिवासियों को देश का पहला निवासी बताते हुए उनको रिझाने निकले है। कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण की भावना से कभी उभर ही नही सकी है। चुनाव की नजदीकियां आदिवासियों के समीप जाने के लिए कांग्रेस को मजबूर कर रही है। जवाहरलाल नेहरू से लेकर अब तक के शासनकाल में कांग्रेस ने आदिवासियों के सामाजिक स्तर पर कोई बुनियादी जरूरत की पूर्ति की है तो कांग्रेस देश को बताए। वनवासी कांग्रेस की देन है। *–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### भारत में शेरों की संख्या बढ़ी



विश्व शेर दिवस उन राजसी शेरों का जश्न मनाने का एक अवसर है जो अपनी ताकत और भव्यता से हमारे दिलों को मोहित कर लेते हैं। भारत को एशियाई शेरों का घर होने पर गर्व है और पिछले कुछ वर्षों में भारत में शेरों की आबादी में वृद्धि हुई है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बेहद ख़तरनाक स्थिति



मैंने पहले ही कहा था-प्रधानमंत्री जी देश के सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानते। उनका संदेश साफ़ है- जो सुप्रीम कोर्ट का आदेश उन्हें पसंद नहीं आएगा, वो संसद में क़ानून लाकर उसे पलट देंगे। यदि पीएम खुले आम सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानते तो ये बेहद ख़तरनाक स्थिति है।
**-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**

### आदिवासियों के हक में कांग्रेस



भाजपा सरकारों में आदिवासियों पर अत्याचार होते हैं। कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के अधिकारों को मजबूती देने का काम करती है। महंगाई-बेरोजगारी से राहत, शिक्षा-स्वास्थ्य व आदिवासियों के हक व संस्कृति की रक्षा हमारा मुख्य एजेंडा है।
**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव**

### उस पर गुस्सा क्यों नहीं




हवा में फेंकी हुई एक कथित फ्लाइंग किस से इतनी आग लग गई। दो पंक्ति पीछे बृजभूषण बैठा हुआ है। जिसने ओलम्पियन पहलवानों को कमरे में बुलाके छाती पे हाथ रखा, कमर पे हाथ रखा और यौन शोषण किया। उस पर ग़ुस्सा क्यों नहीं आता?
**-स्वाति मालीवाल, डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष**

## करंट अफेयर

### पश्चिम अफ्रीकी नेता नाइजर की स्थिति पर करेंगे बैठक

पश्चिम अफ्रीकी देशों के नेता नाइजर के सैन्य शासन द्वारा तय सीमा बीतने के बावजूद अपदस्थ राष्ट्रपति को बहाल न किए जाने के बाद बैठक कर सकते हैं। बहरहाल, विश्लेषकों का कहना है कि पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय के पास विकल्प कम हो सकते हैं क्योंकि सैन्य हस्तक्षेप के लिए समर्थन कम होता जा रहा है। नाइजर में दो सप्ताह पहले सेना ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम का तख्तापलट कर दिया था जिन्होंने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है और वह नजरबंद हैं। जुंटा ने बुधवार रात को नयी सरकार का एलान किया। इनमें आधे से ज्यादा पदों पर नागरिकों की नियुक्ति की गयी है जबकि बाकी पद पर सैन्य नियुक्तियां की गयी है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस देश के नेतृत्व संकट का शांतिपूर्ण हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं। पड़ोसी देश नाइजीरिया के एक सुरक्षा विश्लेषक ओलादिंदे आरियो ने कहा, 'आपको बता दूं कि अगर कोई भी तख्तापलट 24 घंटे के बाद भी सफल रहता है तो वह बना रहता है। इसलिए उनसे बातचीत उनकी शर्तों पर ही की जाएगी।'



## ऑफ बीट

### देखी गई सबसे धुंधली आकाशगंगा की पुष्टि



जिस ब्रह्मांड में हम रहते हैं वह पारदर्शी है, जहां तारों और आकाशगंगाओं से निकलने वाला प्रकाश एक स्पष्ट, अंधेरी पृष्ठभूमि में चमकता है। लेकिन यह हमेशा ऐसा नहीं था – अपने प्रारंभिक वर्षों में, ब्रह्मांड हाइड्रोजन परमाणुओं के कोहरे से भरा हुआ था जो शुरुआती सितारों और आकाशगंगाओं से आने वाले प्रकाश को धुंधला कर देता था। ऐसा माना जाता है कि तारों और आकाशगंगाओं की पहली पीढ़ी की तीव्र पराबैंगनी रोशनी हाइड्रोजन कोहरे के माध्यम से जल गई, जिससे ब्रह्मांड उस रूप में बदल गया जिसे हम आज देखते हैं। वेब टेलीस्कोप से मिले नए अवलोकनों और गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग के नाम से जानी जाने वाली एक प्रणाली का उपयोग करते हुए, मेरी टीम ने प्रारंभिक ब्रह्मांड में वर्तमान में ज्ञात सबसे धुंधली आकाशगंगा के अस्तित्व की पुष्टि की। जेडी1 नामक आकाशगंगा वैसी ही दिखती है, जैसी वह तब थी जब ब्रह्मांड केवल 48 करोड़ वर्ष पुराना था, या इसकी वर्तमान आयु का 4 प्रतिशत। ब्रह्मांड के जीवन के पहले अरब वर्ष इसके विकास में एक महत्वपूर्ण अवधि थे। बिग बैंग के बाद पहले क्षणों में, पदार्थ और प्रकाश मौलिक कणों के गर्म, घने 'सूप' से एक दूसरे से जुड़े थे।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### राजीव गांधी शहरी ओलंपिक का हुआ समापन, प्रतिभाओं का किया सम्मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में में चल रहे राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेलों का गुरुवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया जिसमें विभिन्न खेलों में विजेता रही टीमों के साथ-साथ अन्य प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रींगस उपखंड अधिकारी राकेश कुमार, तहसीलदार सुमन चौधरी, अधिशासी अधिकारी सीताराम कुमावत, खंडेला प्रधान गिरिराज सिंह, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बाजिया, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरज्ञान धाबाई मंचस्थ रहे। समापन समारोह के दौरान कस्बे की सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उदयभान धींगड़ा के द्वारा किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों सहित कस्बेवासी मौजूद रहे।

### गोविन्दपुरा में ग्रामीण ओलम्पिक प्रतियोगिता का हुआ समापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आमेर तहसील के ग्राम गोविन्दपुरा पंचायत भवन में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित राजींव गांधी ग्रामीण, शहरी आलम्पिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य अतिथि डागर ने खेल ध्वज का अवतरण कर समापन की घोषणा की। डागर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलो से ग्रामीणों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, भाईचारा, आपसी प्रेम, सद्भावना, सहयोग का माहौल बना रहा है। अतिथियों ने खिलाड़ियों को मोमेंटो व प्रस्तती पत्र भेंट कर पारितोषिक दिया। समापन समारोह की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच पवन कुमार बुनकर ने की। इस अवसर पर उप सरपंच रघुवीर सिंह, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामेश्वर सिंह, कजोडमल बुनकर, वार्डपंच मुकेश मण्डोलिया, विधालय प्रधानाचार्य कन्हैयालाल, शारिरीक शिक्षक राजेन्द्र जाट, मदन मण्डोलिया, रामकिशन पिपलोदा, हनुमान सहाय मण्डोलिया, विकास मीणा, सुनिल कुमार वर्मा, कैलाश मण्डोलिया, सीताराम मण्डोलिया भामाशाह भगवान सहाय मण्डोलिया, राजेन्द्र देवन्दा, रमेश मण्डोलिया, श्रवण मण्डोलिया, शिवराज उदय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### रींगस में आम रास्ते से हटाया अतिक्रमण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के खाटू रोड़ से कालीदास बंगले को जाने वाले आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को नगर पालिका के अतिक्रमण दस्ते द्वारा कार्रवाई करते हुए हटाया गया। सहायक अभियंता मामराज जाखड़ ने बताया कि आम रास्ते को करीब एक किलोमीटर तक अतिक्रमण मुक्त किया गया और अतिक्रमणकारियों को फिर से अतिक्रमण नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। इस कार्रवाई के दौरान रींगस तहसीलदार सुमन चौधरी मौका मजिस्ट्रेट रही। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए रींगस व खाटूश्यामजी थाने का पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

### महिला हुनर प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ





सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** महिला हुनर प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत सोनगिरी कुआं बीकानेर में 20 महिलाओं का ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ महापौर जी श्रीमती सुशीला कंवर जी के कर कमलों द्वारा किया गया निर्देशिका रेशमा वर्मा द्वारा महापौर जी का माला पहना कर सम्मान किया गया इसी के साथ तक शिक्षिका अलका जी तथा सहयोगी मधु जी ने भी माला पहना कर महापौर जी का अभिनंदन और स्वागत किया महापौर जी ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को बताया कि महिला चाहे तो कुछ भी कर सकती है घर संभालने के साथ-साथ अपने हुनर और कौशल का विकास करके परिवार को संबल प्रदान कर सकतीमहापौर जी ने बताया कि समय कभी भी एक जैसा नहीं रहता इसीलिए महिलाओं को अपने हुनर कोसीख कर हर परिस्थिति के लिए खुद को तैयार करना है इसी के साथ रेशमा वर्मा ने महिलाओं को प्रशिक्षण की जानकारी दी और इसी के साथ कहा कि प्रशिक्षण के साथ-साथ अन्य कई गतिविधियों से जोड़ना भी महिला हुनर प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य है जिससे कि हर महिला अपनी एक अलग पहचान बना पाए इसी के साथ रेशमा वर्मा मधु जीसुमन जोशी जी अलका जी ने महापौर जी का तथा आए हुए अतिथियों का आभार और धन्यवाद ज्ञापन दिया।

फुलेरा एवं रेनवाल के एक शिष्ट मण्डल ने **लोकसभा की कार्यवाही देखी सीधी**

# सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भीलवाडा बालिका रैप के मामले को संसद में उठाया







सितारा न्यूज नेटवर्क

मोना कुमावत/अणतपुरा। फुलेरा एवं रेनवाल के एक शिष्ट मण्डल ने आज नई दिल्ली में लोकसभा की सीधी कार्यवाही देखी। जयपुर ग्रामीण के सांसद कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठौड के सानिध्य में फुलेरा एवं रेनवाल के लगभग 30 सदस्यो के एक शिष्ट मण्डल में संसद भवन का भ्रमण करते हुये लोकसभा की सीधी कार्यवाही देखी ।इस कार्यवाही के दौरान शिष्ट मण्डल ने लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिड़ला, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ग्रहमंत्री अमित शाह एवं कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के सम्मुख सत्ता पक्ष एवं विपक्ष को देश से जुडे हर मुद्दे पर विचार रखते हुये देखा ।इस दरमियान भाजपा प्रमुख नेता एवं केन्द्रिय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठोड ने भी अपने दमदार तर्को से कई बार विपक्ष को घेरा। इसके बाद भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठोड ने राजस्थान की कानून व्यवस्था एवं राज्य में बढते रैप के मामलो को संसद में उठाते हुये राज्य की कांग्रेस सरकार को घेरा ।भीलवाडा में 14 वर्षीय बालिका के साथ रैप एवं फिर कोयले की भट्टी में जला कर मार देने के मामलो को पुरजोर तरीके से देश के सबसे बडे सदन लोकसभा में उठाया ।इस शिष्ट मण्डल ने अपने लोकप्रिय सांसद को इस तरह से जनहित के मुद्दो को संसद में प्रत्यक्ष रुप से उठाते हुये देखा ।इस शिष्ट मण्डल में फुलेरा से विष्णु सैन, एडवोकेट महेन्द्र कुमावत, शिवजीराम कुमावत, विनोद अरोड़ा, कमल शर्मा( कन्नु ) जितेन्द्रसिंह कृष्णावतार, रोहित सैन, गोविन्दसिह्र बडगुर्जर, सुरेश मिश्रा, महावीर बैनाडा, अमन शर्मा, अनिल शर्मा टीटु, रतन राजौरा, आलोक तिवाड़ी, संजय पारीक, संजय वार्ष्णैय एवं रेनवाल से भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष अभिनयप्रकाश शारदा, कैप्टन रतनसिंह नाथावत, कमल सारडा,विष्णु जाखोटिया,सुरेश पूनिया, शिवकुमार कुमावत, डॉ.केशव सोनी सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं पत्रकार साथी, पूर्व सैनिक सहित कई सदस्य शामिल रहे।

## कॉलेज प्रांगण में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ





सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को भारत सरकार व आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के दिशा निर्देश अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर वीरों का वंदन किया। इस दौरान पंचप्राण की शपथ ली गई। प्रतिज्ञा कि व औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी प्रतीक से दूर रहेंगे। देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखेंगे। कार्यक्रम 1 सप्ताह तक जारी रहेगा। इस दौरान अशोक चंबा, चीकू समेत विविध पौधों का महाविद्यालय परिसर में रोपण किया व पूर्व में लगाए गए वृक्षों व पौधों में पानी देकर उन्हें भी पूर्ण वृक्ष बनाने तक का संकल्प लिया। इस दौरान प्रोफेसर विनय सिंह, इंद्रजीत यादव, प्रेमपाल यादव, अनिल कुमार, रविंद्र कुमार, महेंद्र सिंह सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

### पौधारोपण कर गांव व शहरों को हरभरा बनाएं कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/ चानी /बीकानेर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चानी मे पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपच मोहनी देवी व ग्रामविकास अधिकारी ओमा राम नाई रहे थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम सेवक ने कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर अपने गांव और शहर को हराभरा बनाने का संकल्प लें साथ ग्रामसेवक ने बताया की चानी, गोलरी स्कूल मे डेढ़ सौ,ईंदा स्कूल में 75 पौधे लगाये वरिष्ठ अध्यापक चुन्नी लाल खिलेरी ने बताया की राज्य सरकार की योजना हरियालो राजस्थान के तहत पौधरोपण किया गया जिसमे ग्राम पंचायत के सहयोग से छायादार व फालदार पौधे लगाए गए जिससे स्कूल व ग्रामीण जनो को वृक्षों के प्रति भावना बनी रहे कार्यक्रम में कनिष्ठ लिपिक ममता,वार्ड पंच ओमप्रकाश पंवार,सरपंच पुत्र कन्हैलाल, व शाला स्टॉफ मौजूद रहे

*समापन समारोह में उप जिलाप्रमुख मोहन डागर रहे मौजूद*

### खोरा बीसल में ग्रामीण ओलम्पिक प्रतियोगिता का हुआ समापन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आमेर तहसील के खोरा बीसल श्री खोराजी राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित राजींव गांधी ग्रामीण, शहरी आलम्पिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

मुख्य अतिथि डागर ने खेल ध्वज का अवतरण कर समापन की घोषणा की। डागर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ओलम्पिक खेलों से ग्रामीण स्तर पर गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में खेलों की अलख जगाने का काम किया है जिससे ग्रामीणों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, भाईचारा, आपसी प्रेम, सद्भावना एवं सहयोग का माहौल बन रहा है। अतिथियों ने खिलाड़ियों को मोमेंटो व प्रस्तती पत्र भेट कर पारितोषिक दिया। समापन समारोह की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच सुरेन्द्र डाबी ने की। प्रतियोगिता में कुल 1033 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाकर हिस्सा लिया जिसमें कुल 86 टीमों ने भाग लिया जिसमें खोरा बीसल की स्थानीय टीमें विजेता रही आगे विजेता टीमें ब्लॉक स्तर पर खेलेगी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेहता ग्रूप आँफ एज्युकेशन के चैयरमैन राधेश्याम मेहता, सरपंच सुरेन्द्र डाबी, उप सरपंच हनुमान सहाय पंचौली, भामाशाह गणेश नारायण माथुर, लक्ष्मीनारायण बासीवाल, प्रधानाचार्या आशा गुप्ता, लक्ष्मीनारायण बासीवाल, शारिरीक शिक्षक अरविंद महरिया, खेल प्रभारी दीनदयाल मीणा, अशोक कुमार मीणा ,सतीश शर्मा, शिवराज उदय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

*प्रशस्ती पत्र और मेडल देकर किया सम्मानित*

### खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास संभव : सरपंच सिंघल

*ग्राम पंचायत स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का समापन*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां।** खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास संभव है। समय समय पर खेल अतिआवश्यक है। खेलों से बौद्धिक क्षमता भी बढ़ती है। यह बात गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के समापन पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोरपुरा सुन्दरियावास में आयोजित समापन समारोह में जोरपुरा सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। सिंघल ने कहा कि राजस्थान सरकार की खेलों को लेकर यह बहुत अच्छी पहल है। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर विजेता रहे खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर विजेता रहे खिलाड़ी 17 अगस्त से ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान शारीरिक शिक्षक सुभाष कुल्हरी, व्याख्याता राकेश कुमार, राममुर्ती धाकड़, जुगल किशोर शर्मा,शिप्रा दूबे, शेषनारायण जांगिड़, प्रियलता, सुनील कुमार पंवार समेत अनेक लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जुगल किशोर शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में सरपंच कजोड़मल सिंघल ने समापन की घोषणा की।



## नर्सेज ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सामुहिक अवकाश लेकर करेंगे जयपुर कूच

**नर्सेज का धरना चोबीसवे दिन जारी, ट्रॉमा अस्पताल नर्सेज ने संभाली कमान**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** राजस्थान नर्सेज सयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आज राज्यव्यापी आह्वान पर 10 अगस्त को चोबीसवे दिन पीबीएम अस्पताल स्थित गोल पार्क में अनिश्चित कालीन धरना जारी रहा और मांगे नही माने जाने तक यह जारी रहेगा। 18 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे नर्सेज ने आज आंदोलन को तेज करते हुए राज्यव्यापी आह्वान पर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर विभाग के आला अधिकारियों की हठधर्मिता एवम संवादहीनता के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जमकर नारेबाजी की एवम आगामी आन्दोलनात्मक गतिविधियों की सूचना सहित 23 अगस्त को सामुहिक अवकाश लेकर जयपुर कूच का ज्ञापन सौंपा। संघर्ष समिति के प्रांतीय आह्वान पर आज संघर्ष संयोजक छोटूराम चौधरी की आगवाई में ट्रॉमा अस्पताल के नर्सेज ने धरना लगाया जिसमे दीनदयाल, गजराज, बसंती सोलंकी, पंकज, विरेंद्र, राजेंद्र साहू, निर्मल , जगदीश कालवा सहित नर्सेज साथियों ने भाग लिया ।संघर्ष सयोजक श्रवण कुमार वर्मा ने बताया कि सरकार के आला अधिकारी आज 24 दिन बाद भी नर्सेज की सहमति सिद्ध मांगो का साकारात्मक समाधान करने करने की बजाय मुकदर्शक बने हुए है जिससे नर्सेज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है जिसके चलते अब मजबूरननर्सेजको अपना आंदोलन तेज करना पड़ेगा जिसके अगले चरण में 16 अगस्त से 22 अगस्त तक लगातार 2 घंटे गेटमीटिंग करते हुए 23 अगस्त को सामुहिक अवकाश लेकर जयपुर कूच करेंगे । संघर्ष सयोजक छोटूराम चौधरी ने बताया कि नर्सेज विगत एक माह से ध्यानाकर्षण आंदोलन कर परन्तु सरकार नर्सेज हितों की अनदेखी कर रही जिसके चलते अब नर्सेज आर पार का आंदोलन करने को मजबूर हैं ।रोगी हित में तत्पर रहने वाले नर्सेज अब सामुहिक अवकाश पर जायेंगे इससे रोगी एवम उनके परिजनों को होने वाली परेशानी के लिए सरकार जिमेदार होगी । संघर्ष सयोजक सुशील यादव और ज्योति पूनिया ने बताया कि संविदा एवम निविदा भर्ती के नाम पर नर्सेज का शोषण बंद हो तथा समस्त संविदा कर्मियों को सरकार नियमित करे ओर उनके संविदा सेवा काल का नोशनल लाभ दिया जाए, नर्सेज वेतन विसंगति, संविदा नर्सेज का नियमितीकरण, नर्सिंग निदेशालय की स्थापना , प्राथमिक उपचार का अधिकार, कैडररिव्यू, समयबद पदोन्नति, नर्सिंग ट्यूटर ए एन एम एल एच वी का पदनाम परिवर्तन, नर्सिंग छात्रों के स्टाई फंड में वृद्धि सहित अन्य मांगे शामिल । दिनांक 11.8.23 को युवा नर्सेज साथियों द्वारा धरना लगाया जायेगा ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# खिले चेहरे : इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना का हुआ आगाज

**पहले चरण में 30 सितम्बर तक स्मार्ट फोन का होगा वितरण**

**रोजाना प्रत्येक शिविर में 200 फोन का होगा वितरण**

**जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण में अब तक 1346 स्मार्ट फोन का हुआ वितरण**

### लाभार्थी के मोबाइल पर आएगा मैसेज और कॉल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना का शुभारंभ किया। जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले में पहले तीन दिन तक पंजीकृत हुए 992 लाभार्थियों को गुरुवार को बिरला ऑडिटोरियम में स्मार्ट फोन का वितरण हुआ तो वहीं, जयपुर शहर में आयोजित कुल 6 शिविरों में 354 पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया। इस तरह अब तक जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले में योजना के तहत 1 हजार 346 महिलाओं को स्मार्ट फोन की सौगात दी जा चुकी है। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि योजना के पहले चरण के तहत आगामी 30 सितंबर तक जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले में कुल 22 स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर 6 शिविर तो वहीं, 16 शिविरों का आयोजन पंचायत समिति मुख्यालय पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी को शिविर में आते समय अपने साथ अपना जनाधार कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा जनाधार कार्ड में दर्ज मोबाइल फोन लाना आवश्यक होगा। अध्ययनरत छात्रायें अपने साथ आईडी कार्ड/एनरोलमेंट कार्ड, विधवा नारी को पीपीओ साथ लाने होंगे।

### फोन पर मिलेगी लाभार्थी को सूचना

कलक्टर ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं रविवार के अलावा जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले के सभी 22 शिविरों पर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक प्रत्येक शिविर में 200-200 लाभार्थियों को स्मार्ट फोन वितरित किया जाएगा। किस लाभार्थी को किस दिन किस समय किस शिविर में आना है इसकी सूचना लाभार्थी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर कॉल एवं मैसेज द्वारा दी जाएगी।

### यह है स्मार्ट फोन प्राप्त करने की प्रक्रिया

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के उपनिदेशक ऋतेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में आईजीएसवाई पोर्टल पर लाभार्थी का ई-केवाईसी किया जायेगा। पोर्टल पर लाभार्थी का जनाधार नम्बर डालकर उसके विवरणों को सत्यापित किया जायेगा, सत्यापित होने की दशा में लाभार्थी द्वारा अपने साथ लाये गये मोबाइल फोन पर जनाधार ई-वॉलेट इंस्टॉल किया जायेगा। इसके बाद लाभार्थी के पैन कार्ड का विवरण आईजीएसवाई पोर्टल पर दर्ज करने के बाद तीन प्रकार के फॉर्म प्रिंट करके उसे दिये जायेंगे। इसके बाद लाभार्थी इन फॉर्म को लेकर मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी के काउंटर पर जाकर सिम का एवं डाटा प्लान का चयन करेगा, इसके बाद मोबाइल कंपनी के काउंटर पर जाकर अपनी इच्छा अनुसार मोबाइल फोन का चयन करेगा। इस सब के बाद भरे हुए फॉर्म को लेकर अंतिम काउंटर पर जायेगा जहां उपस्थित कार्मिक उसके फॉर्म में अंकित सूचनायें एवं लाभार्थी द्वारा प्रस्तुत समस्त दस्तावेजों को स्कैन कर आईजीएसवाई पोर्टल पर दर्ज एवं अपलोड करेगा। यह प्रक्रिया पूरी होते ही लाभार्थी द्वारा लाये गये फोन में पूर्व में इंस्टॉल किये गये ई-वॉलेट में राज्य सरकार द्वारा कुल 6800 रुपए हस्तांतरित कर दिये जायेंगे। इस राशि का उपयोग कर लाभार्थी पूर्व में चयन किये गये मोबाइल फोन तथा सिम प्राप्त कर सकेगा। यहां राज्य सरकार द्वारा लाभार्थी के ई-वॉलेट में 6125 रुपये मोबाइल फोन के लिये तथा 675 रुपये सिम कार्ड मय इंटरनेट डाटा प्लान के लिये हस्तांतरित किये जायेंगे। राज्य सरकार द्वारा अप्रैल 2024 एवं अप्रैल 2025 में भी इंटरनेट हेतु प्रति वर्ष 900 रुपये हस्तांतरित किये जायेंगे। साथ ही ऋतेश कुमार शर्मा ने यह भी बताया कि लाभार्थी को शिविर में आते समय उसके जनाधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नम्बर वाला मोबाइल उसके साथ लाना आवश्यक होगा। अगर लाभार्थी का मोबाइल नं बदल गया है तो वह शिविर में आने से पूर्व ई-मित्र पर जाकर अपने जनाधार में अपना नया नम्बर दर्ज करवा लें।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### किरण स्कूल के छात्र शुभम ने 12वीं के साथ किया सी ए फाउंडेशन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** कालवाड़ रोड़ स्थित किरण बाल भारती सी सै स्कूल गोविंदपुरा के छात्र शुभम प्रताप सिंह पुत्र त्रिवेंद्र पाल सिंह निवासी निवारू ने 12 वाणिज्य वर्ग के साथ सी ए फाउंडेशन की परीक्षा पास कर स्कूल ओर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। संस्था प्रबन्ध निदेशक कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने बताया कि छात्र शुभम ने सी ए फाउंडेशन में 400 में से 290 अंक प्राप्त किए छात्र ने 12वी वाणिज्य वर्ग बोर्ड परीक्षा 2023 में भी 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। छात्र का सपना सी ए बनने का है छात्र ने पहले ही प्रयास में अपने लक्ष्य के पहले कदम में सफलता प्राप्त की है परीक्षा में सफल होने पर छात्र को मोमेंटो व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

### राजकीय छात्रावासों में अस्थाई गेस्ट फैकल्टी हेतु आवेदन 22 अगस्त तक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जयपुर ग्रामीण में संचालित राजकीय अम्बेडकर छात्रावासों में कक्षा 9 से 12 के छात्रों के कठिन विषयों के लिए विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी को नियोजित किया जाएगा। उपनिदेशक, सामजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर ग्रामीण श्री अरविन्द कुमार सैनी ने बताया कि तुंगा, बस्सी, बांसखोह, चाकसू, जमवारामगढ़, नायला, कोटखावदा, फागी, दूदू, गागरडू, फुलेरा, सांभरलेक, गोविन्दगढ़, उदयपुरिया, अमरसर, राडावास, मनोहरपुर, शाहपुरा, पावटा, मैड, कोटपूतली, बनेठी, विराटनगर, एवं राजयकीय सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास, शाहपुरा में आवासित छात्रों के बेहतर शिक्षण के लिए विभाग ने पहल की है। उन्होंने बताया कि विद्या संबल योजना के तहत अस्थाई गेस्ट फैकल्टी के लिए इच्छुक विशेषज्ञ अनुभवी, सेवानिवृत्त कार्मिक/निजी अभ्यर्थियों से जो संबंधित शैक्षणिक योग्यता रखते हैं वे 22 अगस्त 2023 तक आवेदन कर सकते है।इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को जिले के सभी छात्रावासों के लिए पृथक-पृथक आवेदन करना होगा। जिले में चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिघंटे की दर से मानदेय का भुगतान किया जाएगा। आवेदन पत्र कार्यालय उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर ग्रामीण से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। इस संदर्भ में मानदेय के संबंध में विस्तृत जानकारी भी उक्त कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक का समापन हुआ



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़ '(विनोद धायल)** सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष पूरणमल लावट, वरिष्ठ अथिति अल्का चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी अनीता बुरडक कांग्रेस आईटी सेल जिला सचिव पिंटू जाखड़, अध्यक्षता सुरेश मिर्धा, सतार खा, ग्राम पंचायत कनिष्ठ सहायक मोतीलाल कुमावत ने की। कार्यक्रम में मंच का संचालन राम गोपाल जी जाखड ने किया।

### स्कूल को कम्प्यूटर भेंट कर बढाया मान
### राजीव गांधी ऑलम्पिक खेलों का समापन






सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां/शंकरलाल कुमावत।** राजीव गांधी ओलम्पिक खेलों के समापन समारोह विशिष्ट मुख्य अतिथि हनुमान दास महाराज, मुख्य अतिथि पिंकी वर्मा सरपंच भोजपुरा कला, प्रधानाचार्य एवं पीईईओ नरेन्द्र कुमार मौर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में विजेता टीमों को मेडल, सील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस माके पर प्रधानाचार्य ने बताया कि जीएसपीएल इंडिया लिमिटेड चारणवास भोजपुरा कला के सहायक महाप्रबंधक राकेश शर्मा के सहयोग से रा उ मा वि भोजपुरा कला को 27000 रू की लागत का कम्प्यूटर सेट भेंट किया तथा साथ ही डॉ. बृजशरण शर्मा के द्वारा सत्र 2019-20 से सत्र 2022-23 तक के 10वीं एवं 12वीं के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 16 बच्चों को नकद राशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कम्पनी के सहायक महाप्रबंधक राकेश शर्मा, डॉ. बृजशरण शर्मा, छीतरमल वर्मा, छोटूराम पलसानिया, छीतरमल कुमावत सहित कई जने मौजूद रहे।

### कावड़ यात्रा एवं सहस्त्रधारा का आयोजन रविवार को

सितारा न्यूज नेटवर्क



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** । वैसे देखा जाए तो सावन मास में भोलेनाथ के भक्तों की अभूतपूर्व श्रद्धा देखने को मिलती है आगामी 13 अगस्त रविवार को कावड़ यात्रा एवं सहस्त्रधारा का आयोजन होने जा रहा है । शिवभक्त मनोज जोशी ने बताया कि कावड़ यात्रा फतेहपुरिया बगीचे से शिव मंदिर दया नगर आएगी । उक्त कावड़ यात्रा का समय 1:00 से 3:00 बजे रखा गया है, साथ ही सहस्त्रधारा का आयोजन 5:00 बजे से होगा जिसमें द्वादश ज्योतिलिंगो के जल से सहस्त्रधारा की जाएगी ।दूसरे दिन सोमवार को मनमोहक महादेव का महाकाल रूप में श्रृंगार दर्श रखा गया है साथ ही सायं काल में महा आरती का आयोजन भी होगा ।

## डॉ. सुनिता चौधरी राजीव गाँधी समरसता अवार्ड से होगी सम्मानित

सितारा न्यूज नेटवर्क



**सीकर।(विनोद धायल)** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की जयन्ती पर 20 अगस्त को सदभावना दिवस पर समरसता इन्टरनेशनल कॉंग्रेस एवं इण्डो-नेपाल समरसता ऑगेनाईजेशन के संयुक्त तत्वाधान मे भारत-नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में डॉ. सुनिता चौधरी, निदेशक, इक ख्वाहिश एजुकेशन फाउण्डेशन एन. जी. ओ., सीकर राजस्थान को मुख्य अतिथि दमन नाथ ढंगाना प्रथम लोकसभा अध्यक्ष नेपाल द्वारा राजीव गाँधी समरसता अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा सम्मान के तहत अभिनन्दन पत्र, डा. शिवमाया तुम्बाहाङ्फे प्रथम महिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व कानून मंत्री नेपाल द्वारा शाल, पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ठाकुर दिग्गविजय सिंह महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नेपाल राष्ट्र की टोपी, जगदीश टाइटलर पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार द्वारा मेडल, सुबोध कान्त सहाय पूर्व गृहमंत्री भारत सरकार द्वारा स्मृति चिन्ह, ठाकुर ए. पी. सिंह एडवोकेट द्वारा अभिनन्दन किया जायेगा । अन्तर्राष्ट्रीय मिशन सलाहकार बोर्ड सदस्य सन्तोष सुखवानी ने बताया कि डॉ. सुनिता चौधरी, का मुख्य द्वार पर तिलक, बैज लगाकर अगवानी की जायेगी, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजली कार्यक्रम भी रखा गया है। भारत-नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन मे डॉ. सुनिता चौधरी, अपने विचार भी रखेंगी एवं रात्री भोज कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों, 22 राष्ट्रो के प्रतिनिधियों के संग भारत की शक्ति प्रतिष्ठा, पंचशील सिद्धान्त पर चर्चा करेंगी। डॉ. सुनिता चौधरी का चयन कार्यस्थली से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर सलाहकार बोर्ड सदस्यों ने किया है। दी इण्डियन सोसायटी ऑफ इन्टरनेशनल लॉ वी. के. कृष्ण मेनन भवन सभागार में मानवीय एकता के लिए विश्व बन्धुत्व की भावना से सांस्कृतिक समन्वय के माध्यम से मित्रवत रूप मे पारिस्परिक सम्बन्ध, वसुधैव कुटुम्बकम्‌को साकार करने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय, सर्वधर्म सम्भाव, ग्लोबल विल्लेज को मूर्तरूप देने के लिए काठमाण्डौ नेपाल में आयोजित सार्क सदस्यों का सांस्कृतिक समन्वय 27 से 30 दिसम्बर का आमन्त्रण मुख्य अतिथि दमन नाथ ढुंगाना द्वारा डॉ. सुनिता चौधरी, को सम्मेलन में देगे सम्मेलन में डॉ. सुनिता चौधरी, अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच की कार्ययोजना को मूर्त रूप देने के लिए अपना नैतिक समर्थन देगी। सम्मेलन में श्रीमती सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी, प्रियंका गाँधी को विशेष आमन्त्रित 10 जनपथ जाकर संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी के नेतृत्व में सांस्कृतिक शिष्ट्र मण्डल सदस्यों ने आमन्त्रित किया है।

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का हुआ समापन

सितारा न्यूज नेटवर्क





**राजाखेड़ा/अंकित गोयल।** पांच अगस्त से जारी राजस्थान सरकार द्वारा प्रायोजित राजीव गांधी ग्रामीण/शहरी ओलंपिक खेलों का गुरुवार 10 अगस्त 2023 को समापन हुआ ।राजाखेड़ा के बसईकारे पीईईओ केंद्र के अधीन होने वाले खेलों में से पांच टीम विजेता रही । जिनमें क्रिकेट टीम सिहोली ने बसईकारे को हराकर जीत हासिल की । रस्साझकस्सी में माधोपुरा फर्स्ट को माधोपुरा सैकण्ड ने हराकर जीत हासील की ।खो खो और बॉलीबाल में बसईकारे ने जीत हासिल की । इस अवसर संस्था प्रमुख बसईकारे पीईईओ भारत मीना अध्यापक गण अशोक मीणा, सुरेंद्र चौधरी ( पीटीआई ), कवि कैलाश सुमा संस्था प्रधान जैतपुर, ओमप्रकाश झा, संतोष, देवेंद्र, उमेश, लाखन सिंह,मनोज, हरेंद्र चौधरी, रामवीर, ब्रजकिशोर शर्मा उर्फ टिल्लू आदि ने खिलाडियों का हौंसला बढ़ाया साथ ही खिलाडियों को सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंच संचालन कर रहे अध्यापक कैलाश सुमा ने अपने व्याख्यान में कहा है कि हम और हमारे विद्यालय परिवार के साथ समस्त ग्राम पंचायत वासी खिलाड़ियों के अच्छे भविष्य की कामना करते है तथा उम्मीद करते हैं कि ब्लॉक स्तर पर भी जीत हासिल करें ।ऐसी मंगल कामना करते हैं ।इस मौके पर सिहौली टीम कोच अभय उपाध्याय उर्फ रिंकू, उप कप्तान देवेन्द्र उपाध्याय, कैप्टन सचिन, रमाकांत उपाध्याय, सोनू, भूपेंद्र शर्मा, राम किशोर, सौरभ, पिंकू, हरिशंकर, समेत अन्य खिलाड़ी व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## जयपुर जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगाए जाएंगे 75 पौधे

**जयपुर।** हरित जयपुर के सपने को साकार करने के लिए जयपुर जिले की प्रत्येक पंचायत में 75 पौधे लगाये जाएंगे। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत होने वाले इस पौधारोपण में आमजन भी अपनी भागीदारी निभाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में मानसून के दौरान विभिन्न विभागों के समन्वय, ग्राम पंचायतों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वय से इस वर्ष 10 लाख पौधारोपण का अभियान जारी है। 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस अभियान की मॉनिटरिंग स्वयं जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह कर रही है। अभियान के तहत अब तक 5 लाख 78 हजार पौधारोपण हो चुका है। सीईओ ने अधिकारियों को आगामी 15 अगस्त तक पौधारोपण करने के निर्देशित किया है। पर्यावरण को बचाने के लिए चलाये जा रहे इस अभियान में डॉ. शिल्पा सिंह ने जिले के समस्त अधिकारी, कार्मिकों, जनप्रतिनिधियों, सिविल सोसायटी एवं आमजन को अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया है।

## समाजसेवी ओमवती नरवत की पुण्यतिथि पर ऐतिहासिक चिकित्सा शिविर आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।(विनोद धायल)।** जय जवान सोसायटी द्वारा आयोजित समाजसेवी ओमवती नरवत की पुण्यतिथि पर विशाल चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ.संजय खंडेलवाल, डॉ.मनीष जैन, डॉ.मधवेन्द्र जैन, डॉ.संजय मित्तल, डॉ.रणधीर राव, डॉ.ओम सिंह मील, डॉ.मनोज लाम्बा, डॉ.राम मटोरिया, डॉ.ओमप्रकाश काजला, डॉ.कैलाश जाट, डॉ.रजत फौजदार ने अपनी सेवाएं दी। समिति के सचिव रिशांत सिंह नरवत ने बताया कि शिविर में लगभग 700 मरीजों ने लाभ उठाया। साथ ही संस्था के प्रवक्ता डॉ.रूपक सिंह ने बताया कि यह महानगर का ऐतिहासिक चिकित्सा शिविर रहा जिसमें एंजियोग्राफी, 2ऊ ईको, एनसीवी, ईईजी, लिपिड प्रोफाइल, एलएफटी, आरएफटी जैसी जांच निःशुल्क की गई एवं सभी चिकित्सकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविर एवं सामाजिक कार्य लगातार होते रहने चाहिए जिससे आमजन को लाभ मिल सके।

इस अवसर पर चौधरी ओंकार सिंह, गोपाल शर्मा, संदीप जाखड़( किसान नेता ), विनोद यादव, अमित शर्मा ( भाजपा युवा नेता ), सुशील चौधरी, एडवोकेट संजय महला, विनोद धाबास, पार्षद प्रदीप तिवारी, दिनेश मित्तल, भूपेंद्र यादव, कृष्ण चौधरी, नीरज राणावत, राकेश गुप्ता, ओपी गौरा, दयानंद चौधरी, संजय जैन, सुमन पुरोहित, ओपी सारण( ओएसडी पूर्व सीएम ), राजेंद्र शेखावत, जीडीएस मान, हरि गिठाला, लोकेश शर्मा, अक्षय सिंह, गोविंद मोहन गुप्ता, राजेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, विशाल यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रैणी के पिनान सरकारी स्कूल में ग्रामीण ओलंपिक खेलो का समापन समारोह हुआ आयोजित

***कार्यक्रम के मुख्य अतिथी स्थानीय सरपंच तथा विशिष्ट अतिथि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक के प्रधानाचार्य रमेश चन्द यादव रहे***





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की सरकारी सीनियर पिनान मे गुरुवार को राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलो का समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि स्थानीय सरपंच पिनान रही । और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चन्द यादव रहे। पिनान स्कूल प्रिंसिपल हरि सिंह मीना ने बताया कि इन ओलंपिक खेलो मे 267 खिलाडियो का रजिस्ट्रेशन कराया गया जिनकी कुल 25 टीम बनाई गई तथा विभाग से 185 टी-शर्ट दी गई जो सम्भागियो( खिलाड़ियों ) को वितरित कर दी गई और 119 मेडल प्राप्त हुए थे जो खिलाडियो को समापन समारोह मे विजेता प्रमाण पत्र व समृति प्रमाण पत्र के साथ दे दिए गए । प्रधानाचार्य मीना ने बताया कि प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है ।इन खेलों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने मे सहयोग देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झब्बू राम मीना , सागर सिंह मीना , प्रणवीर मवई , सुरेश कुमार गुरु , जयनारायण मीना , एसडीएमसी सदस्य , ग्रामीण खिलाड़ी , शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे ।अब विजेता खिलाड़ी ब्लॉक स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगें। स्थानीय प्रधानाचार्य हरि सिंह मीना द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया ।मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय प्रधानाचार्य हरि सिंह मीना के द्वारा दी गई है।

### इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना...

## सीकर में आयोजित चार शिविरों में 254 लाभार्थियों को मिले स्मार्टफोन

सितारा न्यूज नेटवर्क



**सीकर।** राज्य सरकार की इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के तहत गुरूवार को नगर परिषद सीकर, पंचायत समिति श्रीमाधोपुर, पंचायत समिति फतेहपुर, पंचायत समिति नीमकाथाना में आयोजित शिविरों में सीकर में 60, श्रीमाधोपुर 50, फतेहपुर 84, नीमकाथाना में 60 चयनित महिला लाभार्थियों को स्मार्ट फोन दिये गये। शिविरों में लाभार्थी स्मार्टफोन पाकर खुश नजर आए और सभी ने राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक सत्यनारायण चौहान ने बताया कि इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के तहत 11 अगस्त शुक्रवार को जिले में नगर परिषद सीकर के वार्ड नम्बार 24,25,फतेहपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रोहलसाहबसर की साहबसर में, नीमकाथाना में वार्ड नम्बर 1,4,5,6 पंचायत समिति सभागार में, श्रीमाधोपुर के वार्ड नम्बर 18 का शिविर आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना में चयनित महिलाएं जिनके पास संबंधित तिथि का मैसेज आया हुआ है वे ही शिविर में आ सकती है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# रोहित ने माना, एशिया और विश्व कप से पहले वनडे में 'नंबर-4' पर कोई सफल नहीं

## वर्ल्ड कप के दो महीने पहले बढ़ी टीम इंडिया की परेशानी

एजेंसी ▸▸| टोरंटो

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि युवराज सिंह के संन्यास लेने के बाद भारतीय वनडे टीम में बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार पर कोई भी बल्लेबाज खास सफल नहीं हो पाया और विश्वकप से पहले यह टीम के लिए एक मसला है। वनडे विश्व कप में अब दो महीने का समय बचा है लेकिन भारत अब भी बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार स्थान के लिए उपयुक्त खिलाड़ी ढूंढ रहा है।

इससे पहले 2019 के विश्व कप में भी भारतीय टीम के लिए यह स्थान बड़ा मसला बना हुआ था। चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अब वापसी की तैयारियों में जुटे श्रेयस अय्यर ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 20 मैचों में 805 रन बनाए जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं।



### किसी का स्थान पक्का नहीं

*रोहित ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, 'देखिए बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार स्थान पिछले लंबे समय से एक मसला बना हुआ है। युवराज सिंह के संन्यास लेने के बाद कोई भी अन्य खिलाड़ी इस नंबर पर अपना स्थान पक्का नहीं कर पाया। लेकिन पिछले कुछ समय से श्रेयस अय्यर नंबर चार पर बल्लेबाजी कर रहा था और उसने अच्छा प्रदर्शन भी किया। उसके आंकड़े वास्तव में शानदार हैं। दुर्भाग्य से चोटिल होने के कारण वह परेशानी में रहा। चोटिल होने के कारण वह पिछले कुछ समय से बाहर है और ईमानदारी से कहूं तो पिछले चार-पांच वर्षों से ऐसा हो रहा है। इनमें से कई खिलाड़ी चोटिल हो गए और ऐसे में नए खिलाड़ी को उस स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा।'*

### थाल में सजाकर नहीं मिलती विश्व कप जीत

*कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि भारत आगामी एकदिवसीय विश्व कप में आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करने के लिए 'बेताब' है और उसके पास खिताब जीतने के लिए 'आत्मविश्वास' है। भारत ने एक दशक से आईसीसी प्रतियोगिताओं में खिताब नहीं जीता है। रोहित ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी (50 ओवर का) विश्व कप नहीं जीता है। विश्व कप जीतना सपना है और यहां इसके लिए चुनौती पेश करने से खुशी की बात कुछ और नहीं हो सकती। आपको विश्व कप थाल में सजाकर नहीं मिलता, आपको कड़ी मेहनत करनी होती है और 2011 से इतने वर्षों से हम यही कर रहे हैं। हम सभी इसके लिए लड़ रहे हैं।'*

### टीम से बाहर किए जाने से थोड़ा हैरान था : धवन



*नई दिल्ली। भारत के सीनियर बल्लेबाज शिखर धवन भारत की एशियाई खेलों की टीम से बाहर किए जाने से थोड़े हैरान थे लेकिन वह निकट भविष्य में राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए दृढ़ हैं। शीर्ष खिलाड़ी घरेलू सरजमीं पर होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में व्यस्त हैं और भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सितंबर-अक्टूबर में होने वाले हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए युवाओं की टीम घोषित कर दी। इस 37 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज के चीन में होने वाले एशियाड के लिए टीम की अगुआई करने की उम्मीद की जा रही थी क्योंकि यही भूमिका वह 10 महीने पहले तक निभा रहे थे। लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें नहीं चुना और ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान घोषित किया।*

## खबर संक्षेप



### मुलयो एनसीई के एकल कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के मुलयो हांडोयो को गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में एकल मुख्य कोच नियुक्त किया गया, साथ ही भारतीय बैडमिंटन संघ ने इस नव निर्मित सुविधा में दो और विदेशी कोच को शामिल किया है। पूर्व आल इंग्लैंड चैंपियन रूस के इवान सोजोनोव युगल कोच होंगे जबकि कोरिया के पार्क ताई सांग तीसरे विदेशी कोच होंगे। पार्क ताई सांग ने टोक्यो ओलंपिक में पीवी सिंधू का मार्गदर्शन किया था जिससे इस भारतीय ने कांस्य पदक जीता था।

### स्वर्ण जीत सकती है भारतीय टीम

**मुंबई।** बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को लगता है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में सवर्ण पदक जीत सकती है। भारतीय महिला टीम ने आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर सीधे एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। गायकवाड़ ने कहा, 'निश्चित रूप से, हम एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतेंगे। हम सभी बड़ी प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ खेल चुके हैं, लेकिन हम उसके बारे में सोचते नहीं रह सकते, हमें अपनी टीम पर भरोसा है, हम स्वर्ण पदक जीत सकते हैं।'




### धूपर को मध्य प्रदेश सरकार का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर को मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में खेलों में उनके योगदान के लिए जीवन पर्यंत उपलब्धि पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया है। धूपर मध्य प्रदेश टेनिस संघ के सचिव भी हैं। उन्होंने सितंबर 2022 में एआईटीए के महासचिव का पद संभाला था और वह सितंबर 2024 तक इस पद पर बने रहेंगे। मध्य प्रदेश राज्य के पूर्व चैंपियन धूपर को राज्य सरकार इससे पहले टेनिस में उनके योगदान के लिए विक्रम पुरस्कार से भी सम्मानित कर चुकी है।



### एशियाई खेलों के बाद करुंगा फैसला

**चेन्नई।** भारत के अनुभवी हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश एक बार में एक ही टूर्नामेंट पर ध्यान लगा रहे हैं।जहां तक उनके भविष्य का संबंध हैं तो उनका कहना है कि वह देखेंगे कि सितंबर-अक्टूबर में चीन में एशियाई खेलों के बाद चीजें किस तरह से आगे बढ़ती हैं। भारत के लिए 2006 में पदार्पण करने वाले महान गोलकीपर श्रीजेश (35 वर्ष) अब 300 अंतरराष्ट्रीय मैचों के करीब हैं। वह इस समय भारत के लिए कृष्ण बहादुर पाठक के साथ मिलकर यहां चल रही एशियाई चैंपियंस ट्राफी में गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।



## नेशनल बैंक ओपन के दूसरे दौर में बेन शेल्टन को 6-3, 7-6 से हराया

# अल्काराज की लगातार 13वीं जीत, शेल्टन को दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸| टोरंटो

विंबलडन खिताब जीतने के बाद पहला मैच खेल रहे शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने नेशनल बैंक ओपन के दूसरे दौर में बेन शेल्टन को 6-3, 7-6 से मात दी। अमेरिकी ओपन में खिताब का बचाव करने की तैयारी में जुटे अल्काराज ने क्वींस खिताबी जीत से अब तक लगातार 13 मैच जीत लिए हैं, अब उनकी भिड़ंत तीसरे दौर में 15वीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुर्काज से होगी जिन्होंने मियोमीर केसमानोविच पर 5-7, 6-3, 6-0 से जीत हासिल की।

एंडी मरे ने मैक्स पुर्सेल पर 7-6 (2), 3-6. 7-5 से जीत दर्ज की। अब तीन बार के विजेता मरे का सामना यानिक सिनर से होगा। दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने दोपहर के सत्र में माटियो अर्नाल्डी को 6-2, 7-5 से पराजित किया। शीर्ष पांच वरीय खिलाड़ियों में से तीन बाहर हो चुके हैं। गेल मोंफिल्स ने चौथे वरीय स्टेफानोस सिटसिपास को 6-4, 6-3 से हराकर उलटफेर किया जबकि मार्कोस गिरोन ने होल्गन रूने को 6-2, 4-6, 6-3 से मात देकर बाहर किया। मैंकेजी मैकडोनल्ड ने छठे वरीय आंद्रे रूबलेव को 6-4, 6-3 से हराया। सातवें वरीय सिनर ने माटियो बेरेटेनी को 6-4, 6-3 से मात दी।




### स्वियाटेक ने प्लिस्कोवा को हराया

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने पहले सेट में मिली चुनौती से पार पाते हुए नेशनल बैंक ओपन के दूसरे दौर कैरोलिना प्लिस्कोवा को 7-6 (6), 6-2 से शिकस्त दी। अब स्वियाटेक का सामना 14वीं वरीय कैरोलिना मुचोवा से होगा जिन्होंने सोराना क्रिस्टी पर 7-5, 6-4 से जीत हासिल की। स्वियाटेक इस साल फ्रेंच ओपन के फाइनल में मुचोवा को हरा चुकी हैं। रात्रि सत्र में दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने पेट्रा मार्टिच को 6-3, 7-6 (5) से पराजित किया।

### मार्केटा ने जीता मैच

मार्केटा वोंद्रोयूसोवा ने कैरोलिन वोज्नियाकी को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी और अब उनकी भिड़ंत कोको गॉफ से होगी। एलिना रिबाकिना ने जेनिफर ब्रैडी को 6-7(3), 7-6(5), 6-3 से, जेसिका पेगुला ने यूलिया पुतिंतसेवा को 6-4, 6-4 से हराया।



# सिंधू, सात्विक-चिराग को पहले दौर में मिली बाई



एजेंसी ▸▸| कुआलालंपुर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को गुरुवार को यहां बीडब्लूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 के ड्रॉ में पहले दौर में बाई मिली।

- विश्व चैंपियनशिप का आयोजन डेनमार्क में 21 से

इस साल बीडब्लूएफ विश्व चैंपियनशिप का आयोजन डेनमार्क के कोपेनहेगन में 21 से 27 अगस्त तक किया जाएगा। वर्ष 2019 में महिला एकल विश्व खिताब जितने वाली सिंधू को मुश्किल ड्रॉ मिला है। उनकी भिड़ंत थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन और शीर्ष वरीय कोरिया की आन से यंग से हो सकती है। विश्व चैंपियनशिप की गत कांस्य पदक विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी शानदार फॉर्म में चल रही है और इस जोड़ी ने कोरिया ओपन में खिताब के बाद पिछले हफ्ते विश्व रैंकिंग में कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल किया।

### प्रणय को मिली दूसरी वरीयता

*पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुआई फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय करेंगे जिन्हें इस प्रतियोगिता के लिए दूसरी वरीयता दी गई है। वह पहले दौर में फिनलैंड के केल कोलजोनेन से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत की भिड़ंत पहले दौर में क्रमशः मॉरिशस के जॉर्जेस जूलियन पॉल और जापान के केंता निशिमोतो से होगी।*

# सरदार और रामपाल को हॉकी इंडिया ने बनाया अंडर-17 कोच



एजेंसी ▸▸| चेन्नई

हॉकी इंडिया ने युवा स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए सब जूनियर (अंडर-17) टीम गठित करने की घोषणा की और इन टीमों के लिए क्रमशः पूर्व राष्ट्रीय कप्तान सरदार सिंह और रानी रामपाल को कोच नियुक्त किया।

### राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलने पर नाराज

**चेन्नई।** पूर्व भारतीय कप्तान रानी रामपाल ने पिछले दो साल से राष्ट्रीय टीम से अनदेखी के लिए महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन पर निशाना साधा। टोक्यो ओलंपिक में भारत के पहली बार चौथे स्थान पर रहने के दौरान टीम की अगुआई करने वाली रानी तब से टीम से बाहर हैं। इस 28 साल की स्ट्राइकर ने शॉपमैन से जवाब मांगा कि आखिर क्यों उनकी अनदेखी हो रही है। नाराज रानी ने कहा, 'पिछले दो साल में मेरे साथ जो हुआ वह सही नहीं है। जहां तक मेरे कॅरियर का सवाल है, चोट से वापसी करने, अच्छा प्रदर्शन करने और राष्ट्रीय खेलों के दौरान खेलने के बावजूद मुझे सीनियर टीम में नहीं चुना गया।सिर्फ कोच ही इसका कारण बता सकती हैं।'

### डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष का चुनाव कल

### बजरंग, विनेश और साक्षी खेल मंत्री ठाकुर से मिले

# संजय अध्यक्ष न बन पाए यह सुनिश्चित कर रहे बजरंग-विनेश

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

भारत के चोटी के पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक कथित तौर पर यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष न बन पाएं। डब्ल्यूएफआई के शनिवार को होने वाले चुनाव के लिए अध्यक्ष पद की दौड़ में दो उम्मीदवार बृजभूषण के करीबी संजय सिंह और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण हैं।





- अध्यक्ष पद के लिए संजय और अनीता में मुकाबला

बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन शोषण करने का आरोप लगाकर जंतर-मंतर पर दो माह तक विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवान अनीता श्योराण का पक्ष ले रहे हैं। अनीता भाजपा नेता के खिलाफ लगाए गए यौन शोषण के आरोपों में गवाह भी है। बजरंग, विनेश और साक्षी गुट के करीबी सूत्रों ने बताया कि इन पहलवानों ने सुबह खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की और उन्हें गृह मंत्री अमित शाह से बैठक के लिए समय मिलने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा, ''कुछ मध्यस्थ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आज संसद सत्र के बाद गृहमंत्री उनसे मिल सकते हैं। उन्होंने सुबह खेल मंत्री से मुलाकात की और उनसे इस मामले पर गौर करने का आग्रह किया।'' उन्होंने कहा,''पहलवानों ने बृजभूषण गुट के संजय सिंह के अध्यक्ष चुने जाने को लेकर अपनी आशंकाएं व्यक्त की। पहलवानों ने कहा कि उन्होंने बृजभूषण के किसी रिश्तेदार के डब्ल्यूएफआई चुनाव में नहीं उतारने की मांग की थी और इसका मतलब यह भी था कि उनका कोई करीबी भी चुनाव न लड़े।'' सूत्रों ने कहा,''संजय सिंह बृजभूषण के बेहद करीबी हैं। वह शायद भाजपा नेता के व्यावसायिक साझेदार हैं। उनके डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने पर उन्हें आपत्ति है।

## भारत का एशियाई चैंपियंस ट्राफी में जापान से मुकाबला आज

# चारों क्वार्टर में मजबूत प्रदर्शन से मिलेगी जीत

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

आत्मविश्वास से भरी भारतीय हॉकी टीम जब शुक्रवार को एशियाई चैंपियंस ट्राफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश मैच के पूरे 60 मिनट में मजबूत प्रदर्शन जारी रखने और निरंतरता बनाए रखने की होगी। इसमें कोई शक नहीं कि राउंड रॉबिन चरण में चार मैच जीतकर और एक ड्रा खेलकर अंक तालिका में शीर्ष पर रहा भारत इस मैच में प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेगा।

भारत को जापान से सतर्क रहना होगा क्योंकि वह मेजबान के अलावा ऐसी टीम है जिसे हार का सामना नहीं करना पड़ा है। दोनों टीमों के बीच लीग चरण का मैच भी 1-1 से ड्रा रहा था। विश्व रैंकिंग की बात की जाए तो दोनों टीमों के बीच काफी बड़ा अंतर है जिसमें भारत चौथे और जापान 19वें स्थान पर काबिज है।



### जापान ने दर्ज की एक जीत

जहां तक जापान का संबंध है तो उसने पाकिस्तान से बेहतर गोल अंतर की बदौलत सेमीफाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट में उसके प्रदर्शन की बात की जाए तो उसका प्रदर्शन इतना प्रभावी नहीं रहा क्योंकि टीम सिर्फ एक जीत ही हासिल कर पाई और एक मैच गंवा बैठी जबकि दो में उसने ड्रा खेला। भारत भले ही इस मैच में प्रबल दावेदार हो लेकिन जापान मेजबान टीम के खिलाफ अपने पहले के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा

### कोच ने दिया जीत का मंत्र

बुधवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर भारत की 4-0 की जीत के बाद फुल्टन ने कहा कि उनकी टीम के लिए मैच के चारों क्वार्टर में निरंतरता बरकरार रखना अहम होगा। फुल्टन ने कहा, 'हमने प्रत्येक क्वार्टर में हमने अच्छी निरतंरता दिखाई जो हमने जापान के खिलाफ मैच के दौरान (चार अगस्त को 1-1 से ड्रा रहे मैच में) भी दिखाई थी। हमने जापान की तुलना में प्रत्येक क्वार्टर में सर्कल के अंदर काफी ज्यादा बार सेंध लगाई। इसलिये अब यह निरंतरता बरकरार रखने की बात होगी।'

### पेनल्टी कॉर्नर पर रहेगा फेकस

भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा (20) गोल किए हैं लेकिन जापान के खिलाफ लीग मैच में खिलाड़ियों ने गोल करने के मौके गंवा दिए थे और मेजबान को शुकवार को अपनी इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी खराब 'फिनिशिंग' में काफी सुधार करना होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की टीम जापान के खिलाफ लीग मैच में 15 पेनल्टी कॉर्नर में से केवल एक को ही भुना सकी थी और अब उन्हें पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने के तरीके तलाशने होंगे।

# डोप परीक्षण : नाडा ने लिए 900 से ज्यादा नमूने



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने आगामी एशियाई खेलों से पहले जून और जुलाई में विभिन्न खेलों के 900 से ज्यादा खिलाड़ियों के नमूने इकट्ठे किए जिसमें से 199 सिर्फ ट्रैक एवं फील्ड से ही लिए गए। नाडा द्वारा गुरुवार को जारी ताजा डेटा के अनुसार एजेंसी ने एक जून से 31 जुलाई तक कुल 914 नमूने लिए जिसमें से ज्यादातर मूत्र के ही थे जबकि कुछे रक्त के नमूने थे।

एथलेटिक्स के बाद इन दो महीनों में मुक्केबाजी (71), तैराकी (65), भारोत्तोलन (56), साइकिलिंग (55), कबड्डी (52), कुश्ती (46), निशानेबाजी (43) के खिलाड़ियों के नमूने लिए गए। इनकी संख्या वुशु में 35, तलवारबाजी में 33, कैनोइंग में 32, बैडमिंटन में 24, हॉकी में 23, ट्राथलॉन में 23, रोइंग में 20, तीरंदाजी में 15, फुटबॉल में 11, जूडो में 11, सॉफ्टबॉल में 10, इलेक्ट्रोनिक खेलों में आठ, क्लाइंबिंग में सात और क्रिकेट में दो है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# रक्षा मंत्रालय ने विकसित की स्वदेशी विंडोज 'माया'

जल्द ही 'माया ओएस' रक्षा मंत्रालय के सभी कंप्यूटरों में होगा इंस्टॉल

स्वदेशी विंडोज माया से साइबर सुरक्षा तंत्र और भी मजबूत होगा

भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना इसे अपनाने को तैयार

यह कार्य साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद, 6 महीने से चल रहा कार्य

## कंप्यूटर्स को साइबर अटैक से करेगी सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साइबर हमलों के खिलाफ जारी जंग में भारत के रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी विंडोज 'माया' तैयार की है। इसके जरिए सरकार का लक्ष्य कम्प्यूटर्स को साइबर हमलों से सुरक्षित रखना है। जल्द ही 'माया ओएस' नामक स्वदेशी रूप से विकसित इस ऑपरेटिंग सिस्टम को रक्षा मंत्रालय के सभी कम्प्यूटरों में इंस्टॉल किया जाएगा। यह कार्य इस साल के अंत तक किया जाना है। ऐसे में नया ओएस माइक्रोसॉफ्ट के विंडोज को रिप्लेस करेगा और जल्द ही सशस्त्र बलों द्वारा अपनाया जाएगा।

*भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना भी 'माया ओएस' अपनाने को तैयार हैं। दरअसल, 2021 में भारत की रक्षा प्रणालियों को कई साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसी के बाद रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी माया ओएस का विकास शुरू किया।*

### विदेशी सॉफ्टवेयर पर निर्भरता होगी कम

राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर रक्षा मंत्रालय ने सुरक्षित ऑपरेटिंग सिस्टम माया विकसित किया है। जाहिर है कि अब स्वदेशी विंडोज माया से रक्षा मंत्रालय का साइबर सुरक्षा तंत्र और भी मजबूत हो जाएगा। साथ ही साथ विदेशी सॉफ्टवेयर पर निर्भरता कम होगी। भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना भी 'माया ओएस' अपनाने को तैयार हैं। दरअसल, 2021 में भारत की रक्षा प्रणालियों को कई साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसी के बाद रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी माया ओएस का विकास शुरू किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि पहले ही ओएस की जांच और मूल्यांकन कर लिया है।



### 'माया ओएस' को बनाने में लगे छह महीने

गौरतलब हो, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डीएसी) और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों के विशेषज्ञों की एक टीम ने ओपन-सोर्स उबंटू प्लेटफॉर्म पर माया ओएस को छह महीने में विकसित किया। बाद में, इस टीम ने ओएस का परीक्षण और सुधार करने के लिए भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ भी सहयोग किया।

**माइक्रोसॉफ्ट विंडोज की लेगा जगह**

इस ऑपरेटिंग सिस्टम को जल्द ही सशस्त्र बलों के कम्प्यूटरों में भी अपनाया जाएगा। इस साल के अंत तक रक्षा मंत्रालय के सभी कम्प्यूटरों में माया ओएस स्थापित होने की उम्मीद है। ओपन-सोर्स उबंटू प्लेटफॉर्म पर आधारित इस विंडोज का लक्ष्य माइक्रोसॉफ्ट विंडोज के समान इंटरफेस और कार्यक्षमता प्रदान करके साइबर खतरों के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा प्रदान करना है।

### 'चक्रव्यूह' नामक एक फीचर के साथ आता है 'माया ओएस'

जानकारों ने बताया कि 'माया ओएस' 'चक्रव्यूह' नामक एक फीचर के साथ आता है, जो एक एंड-पॉइंट एंटी-मैलवेयर और एंटीवायरस सॉफ्टवेयर है, जो हैकर्स को संवेदनशील डेटा तक पहुंचने से रोकता है। उबंटू एक लोकप्रिय ऑपरेटिंग सिस्टम है, जो कंप्यूटर, सर्वर और अन्य उपकरणों पर चलता है। उबंटू को उपयोग में आसान, सुरक्षित और अनुकूलन योग्य बनाया गया है। उपयोगकर्ता उबंटू सॉफ्टवेयर सेंटर से हजारों अन्य एप्लिकेशन भी डाउनलोड कर सकते हैं। उबंटू को नई सुविधाओं और सुरक्षा सुधारों के साथ नियमित रूप से अपडेट किया जाता है। उपयोगकर्ता उबंटू को इसकी आधिकारिक वेबसाइट से मुफ्त में डाउनलोड कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या



**क्विटो।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की बुधवार शाम राजधानी क्विटो में एक रैली के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। 20 अगस्त को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। चुनाव में 10 दिन का समय बचा है। क्विटो में एक राजनीतिक रैली आयोजित की गई थी। इसी दौरान बंदूकधारियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी।

### पाकः दो वाहनों में भीषण टक्कर, 8 की मौत



**लाहौर।** पाक के पंजाब प्रांत में गुरुवार को दो वाहनों में टक्कर हो गई। इसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 घायल हुए। मुहम्मद फारूक ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब एक वैन लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर पंजाब जिले के मियां चन्नू से भक्कर की ओर जा रही थी। तभी सामने से आ रहे दूसरे वाहन से जोरदार टक्कर हो गई।

### नाइजर के राष्ट्रपति बजौम की स्थिति दयनीय



**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सैन्य तख्तापलट के बाद नाइजर के राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम और उनके परिवार की दयनीय जीवन स्थितियों पर चिंता व्यक्त की। महासचिव गुटेरेस राष्ट्रपति बजौम और उनके परिवार की दयनीय स्थितियों को लेकर बहुत चिंतित हैं। राष्ट्रपति गार्ड के सदस्यों द्वारा उन्हें लगातार मनमाने ढंग से हिरासत में रखा जा रहा है।

### ट्रंप समर्थक ने राष्ट्रपति बाइडेन को दी धमकी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन को जान से मारने की धमकी देने वाला एक शख्स एफबीआई की कार्रवाई में मारा गया है। बता दें कि आरोपी शख्स अमेरिका के यूटा का रहने वाला था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी यूटा का दौरा करने वाले थे, उससे कुछ घंटे पहले ही एफबीआई ने आरोपी के ठिकाने पर छापा मारा और सुरक्षा एजेंसी की कार्रवाई में मारा गया।

### अमेरिका नहीं करेगा चीन में निवेश



**वाशिंगटन।** चीन में अमेरिकी निवेश पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रतिबंध लगा दिया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस आदेश पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। सेमिकंडक्टर और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने के चीनी प्रयासों में नए आदेश के बाद से वेंचर कैपिटल और निजी इक्विटी फर्म अपना पैसा निवेश नहीं कर सकती। यह फैसला राष्ट्रहित में लिए गए हैं।

**आपराधिक न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने बनेगी**

## देश के कई राज्यों में तकनीकी फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएं

*अपराध की दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। ऐसे में पुलिस को अपराधों पर अंकुश लगाने एडवांस तकनीकी को अपनाना ही होगा। जब भी कोई वारदात होती है, तो उसके सभी पहलुओं की जांच करने में सबसे ज्यादा फोरेंसिक रिपोर्ट मददगार होती हैं।*

फोरेंसिक आधुनिक पुलिस जांच का मूल आधार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार आपराधिक न्याय प्रक्रिया को तेज करने के लिए फॉरेंसिक के बुनियादी ढांचे को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता के प्रति अत्यंत सजग है। सरकार ने फोरेंसिक क्षमताओं के आधुनिकीकरण के लिए एक योजना को मंजूरी दे दी है। यह साइबर-फोरेंसिक सहित आधुनिक मशीनरी और उपकरणों के साथ उच्च गुणवत्ता वाली फोरेंसिक विज्ञान सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को सहायता प्रदान करेगी। इस तरह की फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं में क्षमता वृद्धि से व्यापक और समन्वित तरीके से साइबर अपराधों से निपटने के लिए तंत्र मजबूत होगा।



### कितनी धनराशि हुई जारी ?

भारत सरकार ने वर्तमान फोरेंसिक प्रयोगशालाओं की स्थिति बढ़ाने और ऐसी नई प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए क्रमशः वर्ष 2019-20 में कुल 6.21 करोड़ रुपये, 2020-21 में 7.60 करोड़ रुपये, 2021-22 में 9.11 करोड़ रुपये और 2022-23 में 25.71 करोड़ जारी किए हैं।

### इन राज्यों को मिली मंजूरी

7 केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं में सुविधाओं के अलावा, 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर फोरेंसिक-सह-प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं शुरू की हैं। जिन राज्यों में साइबर फोरेंसिक-सह-प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं चालू की गई हैं उनमें आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छग, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, कर्नाटक, मप्र, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम, तेलंगाना, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गोवा, मेघालय, नागालैंड, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, पंजाब, त्रिपुरा, पुडुचेरी, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और दिल्ली हैं।

**21 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों में से 12 हवाईअड्डे का हो रहा परिचालन**

## देश में बनेंगे 21 नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे, सरकार ने दी मंजूरी

*भारत सरकार ने 21 नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किए हैं। इनमें से 12 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों ने अपना परिचालन शुरू कर दिया है।*

रनवे का विस्तार, सुदृढ़ीकरण री-कार्पेटिंग व अन्य कार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पोर्ट ब्लेयर, आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा और तिरुपति, अरुणाचल प्रदेश में ईटानगर और तेजू, असम में डिब्रूगढ़, बिहार में दरभंगा और पटना, दिल्ली में सफदरजंग, गोवा में गोवा, गुजरात में धोलेरा, राजकोट, सूरत और वडोदरा, लद्दाख में लेह, कर्नाटक में कलबुर्गी, केरल में कालीकट, मध्य प्रदेश में भोपाल, ग्वालियर इंदौर, जबलपुर और रीवा, महाराष्ट्र में जुहू, कोल्हापुर और पुणे, मणिपुर में इंफाल, ओडिशा में भुवनेश्वर, राजस्थान में जोधपुर, तमिलनाडु में चेन्नई, कोयम्बटूर, मदुरै, त्रिची और तूतीकोरिन, त्रिपुरा में अगरतला, उत्तर प्रदेश में अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, मुइरपुर और सहारनपुर, उत्तराखंड में देहरादून और पश्चिम बंगाल में कोलकाता का विकास, विस्तार किया है।




### हवाईअड्डों के विकास के लिए 2008 में बनी थी नीति

सरकार ने देश में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति, 2008 भी तैयार की है। 21 नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किए हैं। इनमें से 12 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों ने अपना परिचालन शुरू कर दिया है। क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाने के लिए, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 21 अक्टूबर 2016 को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना उड़ान शुरू की।

### विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए होता है कार्य

अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन, अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा विनिर्दिष्ट अंतर्राष्ट्रीय मानकों, मानदंडों को पूरा करने के लिए हवाई अड्डों का उन्नयन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण या संबंधित हवाईअड्डा संचालकों द्वारा वाणिज्यिक पहलू, यात्री आवश्यकताओं, भूमि की स्थिति और एयरलाइन प्राथमिकताओं सहित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाता है। किसी हवाईअड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के रूप में घोषित करना यातायात संभाव्यता, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के प्रचालन के लिए एयरलाइनों की मांग और द्विपक्षीय हवाई सेवा करार पर निर्भर करता है।




**इसरो ने खींची तस्वीरों को किया शेयर**

## चंद्रयान-3 के लैंडर ने फिर ली चांद की अद्भुत तस्वीरें

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

चंद्रमा पर उतरने से पहले चंद्रयान-3 के लैंडर ने फिर चांद की विशेष तस्वीर खींची है। इसे इसरो ने गर्व के साथ शेयर किया है। अभी कुछ दिन पहले चांद की कक्षा में प्रवेश के दौरान भी चंद्रयान-3 ने चांद और पृथ्वी की तस्वीर खींचकर भेजी थी। लैंडर द्वारा ली गई छवियों में स्पष्ट रूप से चंद्रमा के क्रेटर एरिस्टार्चस, एडिंगटन और पाइथागोरस के साथ-साथ चंद्रमा की सतह पर अंधेरे मैदानों में से एक ओशनस प्रोसेलरम दिखाई देता है। इन तस्वीरों का इसरो बारीकी से अध्ययन कर रहा है। इससे भविष्य में चांद से जुड़े कई रहस्यों के खुलने की उम्मीद है।

### लैंडिंग करने में केवल एक पखवाड़ा शेष

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को चंद्रयान-3 मिशन के विक्रम नाम के स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल से ली गई चंद्रमा और पृथ्वी की ताजा छवियों का एक सेट साझा किया। चंद्रयान-3 के चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में केवल एक पखवाड़ा शेष है। अंतरिक्ष यान ने 5 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था। इसके 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरने की उम्मीद है। लैंडर ने एक और तस्वीर खींची है, जहां अन्य छवि में पृथ्वी को दूर से दिखाया गया है। इसे 14 जुलाई को लैंडर इमेजर कैमरे द्वारा देखा गया था। इसी दिन देश का तीसरा मानवरहित चंद्रमा लैंडर मिशन लॉन्च किया गया था।

### दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा चंद्रयान

इसरो के वैज्ञानिकों के अनुसार भारत का चंद्रयान-3 आगामी 23,24 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा। यह चांद का अंधेरा हिस्सा है, जहां सबकुछ रहस्यम है। यहां तक अभी दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच पाया है। अगर भारत के चंद्रयान का लैंडर सफलतापूर्वक यहां उतर जाता है, तो चांद के दक्षिण ध्रुव पर पहुंचने वाला हिंदुस्तान दुनिया का पहला देश हो जाएगा। यह भारत की बड़ी उपलब्धि होगी।

**जापान के राजदूत सुजुकी ने कहा...**

## स्वतंत्र हिंद-प्रशांत विजन के लिए दक्षिण एशिया महत्वपूर्ण स्तंभ




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में दिनोंदिन बढ़ते जा रहे चीन के आक्रामक तेवरों के बीच गुरुवार को नई दिल्ली में भारत, जापान और श्रीलंका के उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक खुले हुए, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत के मामले की गूंज सुनाई दी। जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जापान के प्रधानमंत्री ने दक्षिण एशिया को एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत के विजन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया है। जापान के लिए भारत और श्रीलंका दो बेहद अहम और अनिवार्य भागीदार हैं। हम पारदर्शी विकास वित्त को उच्च स्तरीय प्राथमिकता देते हैं। इसके अलावा हमारा ध्यान गुणवत्ता वाले इंफ्रास्ट्रक्चर पर है। उन्होंने श्रीलंका के ऋण पुनर्गठन को लेकर भारत के आश्वासन का भी अपने वक्तव्य में उल्लेख किया।

### समानता के व्यवहार पर दिया जोर

सुजुकी ने कहा, अगर एक देश दूसरे को सहायता प्रदान करता है तो उसके बाद ऋण पुनर्गठन की समूची प्रक्रिया धराशायी हो जाएगी। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने साफ किया है कि वो किसी एक देश को दूसरे देश के ऊपर अधिक सहायता देने वाले की तरह से व्यवहार नहीं करेंगे। जापान उनकी इस सार्वजनिक प्रतिबद्धता का सम्मान करता है। हिंद महासागर क्षेत्र के संयुक्त सचिव पुनीत अग्रवाल ने कहा कि श्रीलंका के आर्थिक पुनरुद्धार के लिए कनेक्टिविटी भारत की भूमिका के केंद्र में है। समुद्री आवागमन को लेकर हम यात्री नौका सेवा की फिर से शुरुआत करेंगे। श्रीलंका को एक भरोसेमंद भागीदारी की आवश्यकता है। इसकी पूर्ति भारत और जापान द्वारा की जाएगी। श्रीलंका के आर्थिक संकट के बीच भारत की मदद की जापानी राजदूत ने सराहना की।

### आर्थिक सुधार, कनेक्टिविटी पर जोरः मोरागोडा

भारत में श्रीलंका के उच्चायुक्त मिलिंडा मोरागोडा ने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की हालिया भारत यात्रा का याद करते हुए कहा कि उस दौरान हुई उच्च स्तरीय वार्ताओं के परिणामों में आवागमन, पश्चिमी तट पर एक पाइपलाइन और एक जमीनी पुल को लेकर आकांक्षीय लक्ष्य रखा गया है। निजी क्षेत्र निवेश में भारत, जापान की भागीदारी अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक आदर्श बनेगी।

**आश्चर्य, कौतूहल व रोमांच से भरपूर : सुनने में अजीब मगर 100 आना सच...**

# चोरी के मुकदमे में भैंस की कोर्ट में पेशी, भैंस पहुंची कोर्ट

**11 साल पहले चोरी होने पर भरतपुर से की गई भी बरामद ,गवाह ने की पहचान**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )** ।राजधानी जयपुर जिले के चौमूं न्यायालय में गुरुवार को एक अनोखा वाकया सामने आया लोगो ने इससे पहले ऐसा वाक्या ना कभी देखा ना ही कभी सुना जिससे लोगो के बीच एक आश्चर्य चकित कर देने वाला अजीबोगरीब कौतुहल उत्पन्न हो गया । दरअसल गुरुवार को चौमूं कोर्ट में 11 साल पहले बरामद हुई भैंस को पहचान के लिए कोर्ट में लाया गया। सुनने में भले ये सही ना लगे मगर ये खरा 100 आना सच है दरअसल चौमूं कोर्ट में एक पुराने मामले में परिवादी और गवाह पिकअप गाड़ी में भैंस को लेकर पहुंचे तो यह कोर्ट में उपस्थित लोगों के लिए एक कौतूहल का विषय बन गया। आपको बता दें कि हरमाड़ा पुलिस थाने में करीब 11 साल पहले 3 भैंस चोरी होने का मामला दर्ज हुआ था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो भैंस बरामद कर पीड़ित को सुपुर्द कर दी थी। जिसमें एक भैंस की कुछ दिन बाद ही मौत हो गई थी। अब मामले की सुनवाई करते हुए महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 10 द्वारा गवाह सुभाष चौधरी को बयानों के लिए बुलवाया गया साथ ही बरामद की हुई भैंस की पहचान के लिए भैंस को भी कोर्ट में लाने के आदेश दिए गए थे। जिस पर गुरुवार को कोर्ट में गवाह ओर भैंस दोनों को पेश किया गया। यह सब कोर्ट में दिनभर चर्चा का विषय बना रहा।

### यह है पूरा मामला...



चौमूं न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 10 में एक गवाह के बयानों के बाद तस्दीक करने के लिए एक भैंस को कोर्ट में लाया गया। न्यायालय में गुरुवार दोपहर आए एक अजीबो गरीब वाकया से हर कोई आश्चर्य से भर गया। जब पिकअप में भैंस को परिवादी और गवाह कोर्ट में लेकर पहुंचे तो हर कोई हैरान व आश्चर्यचकित हो गया।

पीड़ित चरण सिंह सेरावत (48) पुत्र प्रभु दयाल सेरावत निवासी बिशनपुरा- चारणवास हाल निवासी नींदड़ बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास हरमाड़ा ने बताया कि करीब 11 वर्ष पहले हरमाड़ा पुलिस थाने में तीन भैंस चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए भरतपुर इलाके के नगर थाना क्षेत्र से दो भैंस बरामद कर पीड़ित परिजनों को सुपुर्द कर दी गई थी। वहीं न्यायालय में पिछले 11 वर्ष से चल रहे मामले में गुरुवार को गवाह सुभाष चौधरी निवासी कानोता बस्सी को कोर्ट में बयानों के लिए तलब किया गया। इस दौरान गवाह से पहचान करने के लिए बरामद की गई भैंस (पशु) की पहचान करने के लिए भैंस को भी कोर्ट में बुलाया गया। इसके बाद कोर्ट में गवाह के द्वारा भैंस की पहचान करने पर मामले का निस्तारण किया गया। और परिवादी चरण सिंह सेरावत को भैंस वापस सुपुर्द कर दी गई। पीड़ित चरण सिंह सहरावत ने बताया कि नींदड इलाके में दूध की डेयरी सहित पशुपालन का कामकाज करता है। 11 साल पहले रात्रि में करीब पशुओं के बाड़े से 3 भैंस और दो बछड़े चोरी हो गए थे। जिसमें भरतपुर की नगर थाना पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए 2 भैंस बरामद करके हरमाड़ा पुलिस व परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया था।

### विगत 11 साल से मामला न्यायालय में था विचाराधीन

पीड़ित चरण सिंह सहरावत ने बताया कि पिछले 11 साल से मामला न्यायालय में विचाराधीन था वहीं आज गुरुवार को गवाह को दोबारा बयानों के लिए बुलाया गया और चोरी हुई बरामद भैंस को पहचानने के लिए भी भैंस को भी कोर्ट में लेकर आने को कहा गया था जिस पर परिवादी व गवाह पिकअप गाड़ी में भैंस को लेकर कोर्ट पहुंचे थे। जिस पर सभी लोग आश्चर्यचकित हो गए ।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com